शुक्ल पक्ष, 23 वर्ष, अंक 138 पृष्ठ 08 मूल्य 3.00

# अखंड भारत संदेश

www.akhandbharatsandesh.net

प्रयागराज से प्रकाशित

नगर संस्करण प्रयागराज बुधवार 13 जून 2024 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

# वायनाड छोड़ूं या रायबरेली, धर्मसंकट है: राहुल गांधी

## मोदी की तरह भगवान से गाइडेंस नहीं मिला, मेरे लिए जनता ही भगवान है: राहुल

**तिरुवनंतपुरम**

**कांग्रेस नेता राहुल गांधी बुधवार 12 जून को** केरल के दौरे पर हैं। लोकसभा चुनाव के नतीजों के बाद राहुल का यह पहला केरल दौरा है। मलप्पुरम में जनसभा के दौरान राहुल ने कहा- वायनाड सीट छोड़ूं या रायबरेली, यह मेरे लिए धर्मसंकट है। मोदी की तरह मुझे भगवान से गाइडेंस नहीं मिल रहा है। मैं साधारण मनुष्य हूं। वायनाड या रायबरेली का फैसला मुझे खुद ही करना होगा। मेरे लिए देश की गरीब जनता ही मेरी भगवान है। मैं जनता से बात करूंगा और फैसला लूंगा। राहुल ने कहा कि केरल और उत्तर प्रदेश के लोगों ने पीएम मोदी को बताया है कि संविधान हमारी आवाज है और वे इसको छू नहीं सकते हैं। देश की जनता ने ढट को बताया कि वे तानाशाही नहीं कर सकते हैं। चुनाव से पहले भाजपा के नेता कहते थे कि वो संविधान को फाड़ देंगे। अब चुनाव के बाद मोदी संविधान को सिर से लगाते हैं। मोदी वाराणसी में मुश्किल से जीत पाए हैं। भाजपा अयोध्या में भी हार गई है। नफरत को मुहब्बत ने हरा दिया है।

**मोदी के बायोलॉजिकल वाले बयान पर**

मोदी ने कहा था कि वो बायोलॉजिकल नहीं हैं। उन्हें परमात्मा ने भेजा है। मोदी जी के परमात्मा अडाणी-अंबानी के लिए फैसला लेते हैं। मोदी के परमात्मा कहते है कि मोदी जी बॉम्बे एयरपोर्ट अडानी को दे दीजिए, तो वो दे देते हैं। फिर कहते हैं कि लखनऊ एयरपोर्ट दे दीजिए तो मोदी दे देते हैं। फिर पावर प्लांट अडाणी-अंबानी के नाम कर दिए जाते हैं। इसके बाद पीएम मोदी अडाणी कि मदद के लिए अग्निवीर योजना बनाई।





## पीएम मोदी-शाह संविधान बदलना चाहते हैं: राहुल गांधी



**देश के हर राज्य में अलग-अलग भाषाएं हैं।** हर राज्य के ट्रेडिशन सिर्फ संविधान की वजह से सुरक्षित है। अगर संविधान चले जाए तो कल कोई केरल आएगा और बोलेगा कि आप मलयालम बोले। यह चुनाव संविधान के लिए था। एक तरफ लाखों लोग कह रहे थे कि हम अपना ट्रेडिशन वापस चाहते हैं। हम अपने कल्चर में विश्वास रखते हैं। हम खुद अपना भविष्य का फैसला कर लेंगे। वहीं, दूसरी ओर पीएम मोदी और अमित शाह थे, जो चाहते थे कि केरल के लोग हिंदी बोले।

**मोदी-शाह तानाशही नहीं कर सकेंगे**

मोदी-शाह को लगा कि सिर्फ ईडी-सीबाई उनके पास है तो वे तानाशाही कर सकेंगे। उत्तर प्रदेश और केरल के लोगों ने उन्हें बताया कि वो लोग तानाशाही नहीं कर सकते हैं। इस चुनाव में नफरत और हिंसा को मुहब्बत ने हरा दिया है। अहंकार को मानवता ने हरा दिया है।

**हम विपक्ष की भूमिका निभाते रहेंगे**

दिल्ली में जो सरकार बनी है वह अपंग सरकार है। विपक्ष ने भाजपा को गहरी चोट पहुंचाई है। मोदी जी का एटीट्यूड भी बदल गया है। विपक्ष का कर्तव्य हम निभाते रहेंगे। हम गरीबों की बात संसद में उठाते रहेंगे। मोदी ने कहा था कि 400 पार होगा। फिर बोला की 300 पार होगा। लेकिन 300 पार भी नहीं हो पाए। राहुल गांधी ने उत्तर प्रदेश की रायबरेली सीट से 3.90 लाख और केरल की वायनाड सीट से 3.64 लाख वोटों के अंतर से दमदार जीत दर्ज की। संविधान के अनुच्छेद 101(2) के अनुसार कोई जनप्रतिनिधि दो सीटों से चुना जाता है तो उसे रिजल्ट आने के 14 दिन के भीतर एक सीट से इस्तीफा देना होता है।

## राहुल ने पीएम मोदी पर साधा निशाना



**रोड शो में एक** रैली को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने लोकसभा के नतीजों को लेकर पीएम मोदी पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, "केरल, उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों के लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को यह दिखा दिया कि वे भारत के नागरिकों को यह निर्देश नहीं दे सकते कि उन्हें क्या करना चाहिए। भारत की जनता भी पीएम मोदी से कहती है कि संविधान हमारी आवाज है, इसे न छुएं।" कांग्रेस नेता ने आगे कहा, "इस देश का इतिहास और परंपरा हमारे संविधान द्वारा संरक्षित है।" राहुल गांधी ने भाजपा के नेताओं को भी घेरा। उन्होंने कहा, "चुनाव से पहले, आपने भाजपा के नेताओं को यह कहते हुए देखा होगा कि वे संविधान को फाड़ देंगे। चुनाव के बाद आपने प्रधानमंत्री को संविधान को अपने माथे से लगाते हुए देखा।" कांग्रेस नेता ने आगे कहा कि सच तो यह है कि प्रधानमंत्री वाराणसी में जैसे-तैसे बच गए। वाराणसी में तो वे खुद ही हार गए होते। आयोध्या में भाजपा की हार हुई। यहां के लोगों ने संदेश दिया कि वे नफरत और हिंसा के साथ नहीं हैं।

**पीएम मोदी पर किया कटाक्ष**

बता दें कि लोकसभा चुनाव में राहुल गांधी वायनाड के साथ रायबरेली से भी चुनाव लड़ रहे थे। उन्हें दोनों सीटों पर जीत मिलीं। राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर कटाक्ष करते हुए कहा कि उन्हें भगवान से कोई संदेश नहीं मिलता है।

पीएम मोदी पर तंज कसते हुए उन्होंने आगे कहा, "भगवान ने पीएम मोदी को देश के सभी प्रमुख एयरपोर्ट और पावर प्लांट अदाणी को देने के निर्देश दिए।"

## मई में खुदरा महंगाई दर 4.75 प्रतिशत पर पहुंच गई

**नई दिल्ली**

देश की खुदरा मुद्रास्फीति मई में सालाना आधार पर घटकर 12 महीने के निचले स्तर 4.75 प्रतिशत पर पहुंच गई। यह पिछले महीने यानी अप्रैल में 11 महीने के निचले स्तर 4.83 प्रतिशत थी। ' सरकार की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार खुदरा महंगाई दर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के 2-6 फीसदी के सहिष्णुता दायरे में बना हुआ है। आंकड़ों के अनुसार क्रमिक आधार पर मुद्रास्फीति की दर मई में 0.48 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रही।

**सरकार के आंकड़ों के अनुसार खाने-पीने की कीमतें कम हुईं:** मई में खाद्य मुद्रास्फीति की दर अप्रैल के 8.75 प्रतिशत से घटकर मई में 8.62 प्रतिशत हो गई। हालांकि यह आंकड़ा मई 2023 की खाद्य महंगाई दर 3.3 प्रतिशत से अधिक है। ग्रामीण मुद्रास्फीति मई में घटकर 5.28 प्रतिशत रह गई, जो पहले 5.43 प्रतिशत थी। इस बीच, मई में शहरी मुद्रास्फीति की दर 4.15 प्रतिशत रही। फलों और सब्जियों की मुद्रास्फीति अप्रैल के 27.8 प्रतिशत से घटकर मई में सालाना आधार पर 27.3 प्रतिशत पर आ गई। अनाज और दालों की कीमतें जो भारत के मुख्य आहार का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, मुद्रास्फीति की दर क्रमशः 8.69 प्रतिशत और 17.14 प्रतिशत पर आ गई। ईंधन के मामले में मुद्रास्फीति दर मई में घटकर 3.83 प्रतिशत रह गई, जबकि अप्रैल में इसमें 4.24 प्रतिशत की गिरावट आई थी। कपड़े और जूते और हाउसिंग सेक्टर के लिए मुद्रास्फीति दर मई में क्रमशः 2.74 प्रतिशत और 2.56 प्रतिशत रही।

## देश का औद्योगिक उत्पादन अप्रैल में पांच फीसदी बढ़ा

**नई दिल्ली**

देश का औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (आईआईपी) अप्रैल महीने में सालाना आधार पर पांच फीसदी बढ़ा है। इससे पिछले साल की समान अवधि में यह 4.6 फीसदी की दर से बढ़ा था। औद्योगिक उत्पादन खनन और बिजली क्षेत्र के अच्छे प्रदर्शन की वजह से बढ़ा है। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) ने बुधवार को जारी आंकड़ों में बताया कि देश का औद्योगिक उत्पादन खनन और बिजली क्षेत्र के अच्छे प्रदर्शन की वजह से बढ़ा है, जो एक साल पहले की समान अवधि में 4.6 फीसदी बढ़ा था।

## अब चारधाम यात्रा प्रबंधन प्राधिकरण के गठन में आएगी तेजी

### यमुनोत्री धाम में धारण क्षमता बढ़ाने के लिए शीघ्र तैयार करें कार्ययोजना: सीएम

**देहरादून**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अधिकारियों को चारधाम यात्रा प्रबंधन प्राधिकरण के गठन के लिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। साथ ही उन्होंने यमुनोत्री धाम में कैरिंग कैपेसिटी (धारण क्षमता) कैसे बढ़ाई जाए, इस पर भी कार्ययोजना शीघ्र तैयार करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री आवास पर बुधवार को आयोजित



बैठक में मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि चारधाम यात्रा प्रबंधन प्राधिकरण का कार्यक्षेत्र केवल चारधाम तक सीमित नहीं होगा अपितु प्रदेश में समस्त प्रकार की यात्राओं के प्रबंधन की जिम्मेदारी भी उक्त प्राधिकरण के अंतर्गत आएगी। उन्होंने कहा कि प्राधिकरण गठन के पीछे मुख्य उद्देश्य यही है कि बढ़ते धार्मिक व सामान्य पर्यटन के मद्देनजर हमारे पास एक ऐसी संस्था हो, जो इन सब जिम्मेदारियों व तैयारियों का निर्वहन कर सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरगामी विजन के चलते आज प्रदेश में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। खासतौर से इस बार चारधाम यात्रा सीजन में यह तथ्य प्रमुखता से उभरा है कि गंगोत्री व यमुनोत्री धामों में तीर्थयात्रियों की संख्या में दोगुना तक वृद्धि हुई है। ऐसे में यमुनोत्री धाम की कैरिंग कैपेसिटी यानी वहां ठहरने की सुविधाएं, होटल, गेस्ट हाउस आदि को बढ़ाने की दिशा में ठोस कार्य किए जाएं।

## अभेद्य होगी अयोध्या की सुरक्षा... तैनात किए जाएंगे ब्लैक कैट कमांडो

### एनएसजी यूनिट की होगी स्थापना, भूमि खोजी जा रही

**अयोध्या**

श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण के बाद जिले की सुरक्षा व्यवस्था को अब और चुस्त किया जा रहा है। केंद्र सरकार अब यहां एनएसजी कमांडो यूनिट बनाने की तैयारी में है जिसके लिए भूमि खोजी जा रही है। केंद्र सरकार की ओर से निर्णय पर मुहर लगने के बाद एनएसजी के ब्लैक कैट कमांडो यहां तैनात होंगे।



जिले में अब तक केंद्रीय सुरक्षा की दो व राज्य सरकार की चार सुरक्षा एजेंसियां तैनात हैं। किसी भी वीवीआईपी दौरे पर एनएसजी कमांडो दिल्ली से बुलाए जाते हैं। राम मंदिर निर्माण के बाद जिले में अक्सर वीवीआईपी दौरा होता रहता है साथ ही हर समय श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रहती है। समय-समय पर अयोध्या आतंकियों के निशाने पर भी रही है, जिसे देखते हुए अब यहां की सुरक्षा को और चुस्त किया जा रहा है।

इसके लिए भविष्य में एनएसजी कमांडो की यूनिट यहां स्थापित करने की तैयारी है। सूत्रों के अनुसार एनएसजी की टीम ने जिला प्रशासन से संपर्क करके भूमि चिन्हित करके उपलब्ध कराने के लिए कहा है। जिस पर तेजी से काम हो रहा है। वहीं, पुलिस महानिरीक्षक प्रवीण कुमार ने बताया कि अयोध्या में एनएसजी यूनिट खुलने की सूचना तो है, लेकिन पूरी जानकारी उन्हें नहीं है।

## कुवैत की बिल्डिंग में आग, 49 की मौत: इनमें 40 भारतीय



**कुवैत सिटी**

दक्षिणी कुवैत के मंगफ शहर में बुधवार तड़के एक कंपनी के श्रमिक शिविर में भीषण आग लगने से 49 प्रवासी श्रमिकों की मौत हो गई और कम से कम 50 लोग झुलस हो गए। अधिकतर भारतीयों में से कुछ की हालत गंभीर है, जिन्हें नजदीकी अस्पतालों में ले जाया गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बेहतर चिकित्सा मुहैया कराने के लिए आश्वस्त किया है। कुवैत के दक्षिणी अहमदी गवर्नरेट के मंगफ क्षेत्र में स्थित छह मंजिला इमारत की रसोई के अंदर बुधवार सुबह करीब 4:00 बजे आग लग गई। संदेह है कि चौकीदार के कमरे में रखे गैस सिलेंडर से लगी थी। आग लगने के समय एक ही कंपनी के शिविर में लगभग 160 कर्मचारी थे। अधिकारियों को सुबह करीब छह बजे आग लगने की सूचना दी गई, जब ज्यादातर लोग सो रहे थे। गृह मंत्री शेख फहद अल-यूसेफ अल-सबाह ने घटनास्थल का दौरा किया और इमारत के मालिक, चौकीदार और श्रमिकों के लिए जिम्मेदार कंपनी के मालिक को गिरफ्तार करने का आदेश दिया। गृह मंत्री ने कुवैत नगर पालिका और मेनपॉवर के लिए सार्वजनिक प्राधिकरण को इसी तरह के उल्लंघनों के लिए तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। इसमें आवासीय भवनों में भीड़भाड़ रोकने और भविष्य की घटनाओं को रोकने के लिए सभी सुरक्षा आवश्यकताओं को सुनिश्चित करना शामिल है। मंगफ श्रमिक शिविर में हुई इस दर्दनाक घटना के मद्देनजर भारतीय दूतावास ने 965-65505246 पर एक आपातकालीन हेल्पलाइन शुरू की है।

## जी-7 शिखर सम्मेलन में शामिल होने आज रवाना होंगे पीएम

**नई दिल्ली**

**दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी लगातार तीसरे कार्यकाल का कार्यभार संभालने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा इटली की करने वाले हैं। विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने बुधवार को बताया कि इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 50वें जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए गुरुवार को इटली के अपुलिया जाएंगे।



**इटली के अपुलिया में होगा शिखर सम्मेलन का आयोजन**

50 वां जी-7 शिखर सम्मेलन इस बार इटली के अपुलिया क्षेत्र में लग्जरी रिजॉर्ट बोरगो एग्नाजिया में 13 से 15 जून तक आयोजित होगा। इस शिखर सम्मेलन में भारत को एक आउटरीच देश के रूप में आमंत्रित किया गया है।

**जॉर्जिया मेलोनी के साथ कर सकते हैं वार्ता**

उन्होंने आगे कहा कि तीसरे कार्यकाल की पहली विदेश यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री मोदी अपने इटली की समकक्ष जॉर्जिया मेलोनी के साथ द्विपक्षीय बैठक कर सकते हैं। बैठक में दोनों प्रधानमंत्रियों द्वारा द्विपक्षीय संबंधों के संपूर्ण पहलुओं की समीक्षा करने और अगले कदमों के लिए निर्देश देने की उम्मीद है।" मालूम हो कि बैठक में, यूक्रेन में युद्ध और गाजा संघर्ष का मुद्दा छाये रहने की संभावना है।

## मोदी 3.0 सरकार का पहला पूर्ण बजट जुलाई के पहले या तीसरे सप्ताह में आएगा

**नई दिल्ली**

मोदी 3.0 सरकार का पहला पूर्ण बजट जुलाई के पहले या तीसरे सप्ताह में आ सकता है। पहले पूर्ण बजट में महिलाओं-किसानों और युवाओं के लिए सरकार खजाना खोल सकती है। युवाओं के लिए रोजगार बढ़ाने के नए उपाय बजट में दिखाई दे सकते हैं, तो महिलाओं को लखपति बनाने की भाजपा की योजना को आगे बढ़ाने के लिए सरकार भारी निवेश की घोषणा कर सकती है। केंद्र सरकार ने 70 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों के इलाज के लिए बड़ी घोषणा भी कर सकती है। इसके लिए एक माह का सत्र बुलाया जा सकता है। चुनावी वर्ष होने के कारण फरवरी माह में सरकार ने अंतरिम बजट पेश किया था जिसमें किसी बड़ी घोषणा से दूरी बरती गई थी। केंद्र सरकार के लिए आने वाले वर्षों में युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराना सबसे बड़ी चुनौती रहने वाला है।

## सुरक्षाबलों ने दूसरे आतंकी को भी ढेर किया, जवान शहीद

**हीरानगर/कठुआ**

**जम्मू संभाग** के जिला कठुआ की तहसील हीरानगर के गांव सैडा सोहल में बुधवार दूसरे दिन फिर आतंकियों और सुरक्षाबलों के बीच मुठभेड़ हुई। सुरक्षाबलों ने दूसरे आतंकी को भी ढेर कर दिया है। पुलिस, एसओजी, सीआरपीएफ, सेना के जवानों ने इलाके की घेराबंदी की हुई है। तलाशी अभियान चल रहा है। एडीजीपी जम्मू आनंद जैन ने यह जानकारी दी है। एडजीपी ने कहा कि हीरानगर में हुई मुठभेड़ में बहादुर जवानों ने दोनों आतंकी मार गिराए हैं। हालांकि ऑपरेशन अभी चल रहा है। इलाके में किसी अन्य आतंकी के छिपे होने की आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है। ऐसे में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। आसपास के इलाके में भी तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। बताया जा रहा है कि



ड्रोन से भी घटनास्थल पर नजर रखी जा रही थी। इसी दौरान आतंकी की मौजदूगी का पता चला। इसके बाद शुरू हुई गोलीबारी में आतंकवादी को मार गिराया गया। सुरक्षाकर्मी धीरे-धीरे घेरा और छोटा करते गए। खुद को घिरता हुए देख आतंकी ने सुबह दस बजे के करीब फिर गोलीबारी की। इसके जवाब में मुठभेड़ शुरू हुई। इस मुठभेड़ में दो आतंकी मारे गए हैं।

**मारे गए आतंकी से भारी मात्रा में हथियार और एक लाख की नकदी बरामद**

सुरक्षा बलों ने चल रही मुठभेड़ स्थल के आसपास हथियार और गोला-बारूद बरामद किया है। अधिकारी के अनुसार, बरामद हथियारों और गोला-बारूद में 30 राउंड वाली तीन मैगजीन, 24 राउंड वाली एक अन्य मैगजीन, अलग-अलग पॉलीथीन में 75 राउंड, तीन ग्रेनेड, एक लाख रुपये की करेंसी (500 रुपये के 200 नोट), खाने-पीने का सामान (पाकिस्तान में बनी चॉकलेट, सूखे चने और बासी रोटियां), पाकिस्तान में बनी दवाइयां और इंजेक्शन (दर्द निवारक), एक सिरिंज, ए4 बैटरी के 2 पैक और टेप में लिपटा एक हैंडसेट जिसमें एंटीना और हैंडसेट से लटके दो तार शामिल हैं। मंगलवार रात कठुआ की तहसील हीरानगर की गांव सोहले सैडा में आतंकियों ने एक घर में दबिश दी। आतंकियों की फायरिंग में एक व्यक्ति घायल हो गया। उधर, लोगों ने सुरक्षा बलों को सूचना दी। आतंकियों की पुलिस से हुई मुठभेड़ में एक पाकिस्तानी आतंकी मार गिराया गया।

**सीआरपीएफ जवान हुआ बलिदान**

अन्य आतंकियों की तलाश में ऑपरेशन शुरू हुआ। मौके पर पुलिस, सेना, एसओजी, सीआरपीएफ की टीमें पहुंच गई। इलाके की घेराबंदी कर ली गई। अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। अलसुबह करीब तीन बजे यहां आतंकियों के साथ मुठभेड़ में एक सीआरपीएफ का जवान घायल हो गया, जिसे तुरंत इलाज के लिए हीरानगर उपजिला अस्पताल ले जाया गया, लेकिन जवान कबीर दास को बचाया नहीं जा सका।

**आतंकियों ने एसएसपी-डीआईजी की गाड़ी पर बरसाईं गोलियां**

रात में मौके पर पहुंचे डीआईजी और एसएसपी की गाड़ी पर भी आतंकियों ने गोलियां बरसाईं।

# लोन दिलाने के नाम पर ठगी करने वाला अरेस्ट

## मुरादाबाद पुलिस ने प्रयागराज से पकड़ा, विज्ञापन देकर लोगों को बनाता था टारगेट

अखंड भारत संदेश



**मुरादाबाद/प्रयागराज।** मुरादाबाद पुलिस ने लोन दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले एक शातिर ठग को अरेस्ट किया है। आरोपी प्रयागराज का रहने वाला है। वह अखबारों में सस्ती दर पर लोन दिलाने के विज्ञापन देता था। इसके बाद फाइल चार्ज के नाम पर लोगों से पैसे अपने अकाउंट में ट्रांसफर करा लेता था। जाल में फंसे एक शिकार से 5-7 हजार रुपए ऐंठने के बाद उसका नंबर ब्लॉक कर देंता था। सप्ताहभर में अपना नंबर भी बदल लेता था।

एसएसपी हेमराज मीणा ने बताया कि आरोपी नौशाद आलम बेहद शातिर किस्म का अपराधी है। वह अभी तक सैकड़ों लोगों को अपना शिकार बनाकर ठग चुका है। पुलिस ने उसके खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज करके उसे कोर्ट में पेश किया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। एसएसपी ने बताया कि पकड़े गए आरोपी के पास से पुलिस ने 21 मोबाइल फोन , 01 लैपटॉप, 01 पास बुक यूको बैंक, 02 पेन कार्ड , 05 डेबिट कार्ड, 01 आई कार्ड प्रेस , 36 सिम और 01 काला बैग बरामद किया है।ररढ ने बताया कि मुरादाबाद पुलिस ने इस केस पर तब काम शुरू किया जब ठग ने मझोला थाना क्षेत्र के सम्राट अशोक नगर स्थित स्कोप डिजिटल ऑफिस से लोन दिलाने के नाम पर लोगो से ठगी की। पुलिस ने 12 जून को आरोपी नौशाद आलम को प्रयागराज से गिरफ्तार कर लिया।

**इस तरह करता था ठगी :** एसएसपी ने बताया कि पूछताछ करने पर अभियुक्त नौशाद आलम ने बताया कि वो अपने मोबाइल फोन के जरिए दूर दराज के लोगों को लोन कराने के नाम पर उनसे फीस के नाम पर पैसे अपने मनचाहे खाते में ट्रांसफर करा लेता था। इसके लिए वो सबसे पहले अखबारों में लोन दिलाने के सम्बन्ध में विज्ञापन देता था। जानबूझकर दूर दराज के इलाके में विज्ञापन दिया जाता है। हाल में उसने 7 जून को यूपी के एक हिंदी अखबार में भी विज्ञापन छपवाया था। जिसमें लिखे मोबाइल नंबरों को पढ़कर लोग ने उससे लोन के लिए संपर्क किया था। ठग ने पुलिस पूछताछ में बताया कि जब लोग विज्ञापन को देखकर फोन करते हैं तो वो उनसे एक- एक करके पहले एप्लाई करने का चार्ज 1500/- से 1600/-रुपये मनचाहे खाते में ट्रांसफर करा लेता है। इसके बाद डॉक्यूमेंट के नाम पर बैलेंस शीट, प्रोजेक्ट रिपोर्ट, कैरेक्टर सर्टिफिकेट, आईटीआर आदि बनाने की फीस 4000 से 5500 रुपए ले लेता है। इसके बाद ग्राहक को 4-5 दिन इंतजार करने के लिए कहता है। एक बार टारगेट से इतनी रकम मिल जाने के बाद उसका नंबर ब्लॉक कर देता है। एक सिम को सिर्फ 7 से 10 दिन तक ही प्रयोग करता है। लोग झांसे में आकर पेमेंट कर देते हैं। पैसा खाते में आते ही ठग उस रकम को एटीएम से निकालकर दूसरे खाते में डाल लेता है।

### थाना सिविल लाइन्स पुलिस द्वारा 01 अभियुक्त गिरफ्तार, कब्जे से 02 अवैध देशी बम बरामद

**प्रयागराज।** पुलिस आयुक्त प्रयागराज रमित शर्मा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए गए अभियान के अंतर्गत पुलिस उपायुक्त नगर दीपक भूकर के निर्देश के क्रम में सहायक पुलिस आयुक्त सिविल लाइंस श्वेताभ पांडे के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना सिविल लाइंस रामाश्रय यादव के कुशल नेतृत्व मेंथाना सिविल लाइन्स पुलिस द्वारा आज दिनांक 12.06.2024 को मुखबिर खास की सूचना पर अभियुक्त सचिन कुमार पुत्र अशोक कुमार निवासी मुण्डेरा बाजार थाना धूमनगंज जनपद प्रयागराज को बलईपुर रेलवे कालोनी के पास थाना क्षेत्र सिविल लाइन्स से गिरफ्तार कर कब्जे से 02 अवैध देशी बम बरामद किये गये। उक्त गिरफ्तारी/बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0- 218/2024 धारा 4/5 विस्फोटक पदार्थ अधि0 पंजीकृत किया गया। नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी। तथा आरोपी सचिन कुमार पुत्र अशोक कुमार निवासी मुण्डेरा बाजार थाना धूमनगंज जनपद प्रयागराज, के विरुद्ध कार्रवाई की गई । गिरफ्तारी के दौरान पुलिस उ0नि0 अभय चन्द, थाना सिविल लाइन्स कमिश्नरेट प्रयागराज । प्रशि0उ0नि0 रूपेश कुमार, थाना सिविल लाइन्स कमिश्नरेट प्रयागराज ,का0 ब्रह्मजीत सिंह, थाना सिविल लाइन्स कमिश्नरेट प्रयागराज। का0 सन्दीप यादव, थाना सिविल लाइन्स कमिश्नरेट प्रयागराज उपस्थित रहे।

# राजकीय अनुदानित एवं निजी क्षेत्र पालीटेक्निक संस्थानों की प्रवेश परीक्षा 13 जून से

**मेजा।** संयुक्त प्रवेश परीक्षा (पॉलिटेक्निक 2024) प्राविधिक शिक्षा विभाग ऊ०प्र० द्वारा राजकीय अनुदानित एवं निजी क्षेत्र पॉलिटेक्निक संस्थानों में प्रवेश हेतु कंप्यूटर आधारित प्रवेश परीक्षा दिनांक 13 जून से 18 जून के मध्य तीन पालियों में प्रथम पाली प्रातः 8 से 10.30 बजे तक, द्वितीय पाली दोपहर 12 से 2.30 बजे तक एवं तृतीय पाली अपराहन 4 से 6.30 बजे तक प्रयागराज जनपद में 15 परीक्षा केन्द्रों पर संपन्न होगी जिसमें कुल 38,488 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं । उक्त परीक्षा को सकुशल शांतिपूर्ण एवं निर्विघ्न ढंग से संपन्न करने हेतु प्रत्येक परीक्षा केन्द्रों पर जोनल मजिस्ट्रेट, नोडल अधिकारी, स्टेटिक मजिस्ट्रेट एवं आब्जर्वर नियुक्त किये गए हैं। प्रयागराज जनपद में दो नोडल अधिकारी नामित हैं, प्रथम नोडल अधिकारी शैलेन्द्र प्रताप प्राचार्य राजकीय महिला पॉलिटेक्निक मेजा प्रयागराज, जिनके अन्तर्गत कुल सात परीक्षा केंद्र ए आई आई टी मैनेजमेंट कॉलेज, कैंपस-1, ए० आइ०आई० टी० मैनेजमेंट कॉलेज, कैंपस-2, बी० बी० एस० कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, कामता सिंह गर्ल्स पी० जी० कॉलेज, नन्द किशोर सिंह कंप्यूटर अकादमी, स्टार एग्जाम जोन, विनायक आई० टी० कॉलेज शामिल हैं। जिसमें कुल 19,267 परीक्षार्थी पंजीकृत हैं तथा द्वितीय नोडल अधिकारी श्री शैलेन्द्र विक्रम प्राचार्य राजकीय महिला पॉलिटेक्निक मेजा, प्रयागराज जिनके अन्तर्गत कुल आठ परीक्षा केंद्र इलाहबाद इन्फोटेक प्राइवेट लिमिटेड, एम० एम० इन्फोटेक, शिवाजी इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड मैनेजमेंट, सक्सेस माउंट, यूनाइटेड कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड रिसर्च यूनाइटेड इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, एक्सीलेंस इन्फोटेक-1 एवं एक्सीलेंस इन्फोटेक-2 हैं जिसमें कुल 19,221 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित होंगे।

# बकरीद त्यौहार पर माहौल बिगाड़ने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई: डीसीपी यमुनानगर

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** बुधवार को थाना नैनी में बकरीद त्यौहार को लेकर पीस कमेटी की बैठक की गई। बैठक की अध्यक्षता डीसीपी यमुनानगर श्रध्दा नरेन्द्र पाण्डेय ने किया। बुधवार को पुलिस उपायुक्त यमुनानगर श्रद्धा नरेन्द्र पाण्डेय द्वारा आगामी ईद-उल-अजहा/बकरीद त्यौहार को सकुशल सम्पन्न कराए जाने हेतु क्षेत्र के सम्भ्रांत व्यक्तियों व धर्मगुरुओं के साथ थाना नैनी में पीस कमेटी की मीटिंग कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गये। मौके पर अपर पुलिस उपायुक्त यमुनानगर अभिजीत कुमार, सहायक पुलिस आयुक्त करछना संजय कुमार सिंह व थाना प्रभारी नैनी यशपाल सिंह तोमर मौजूद रहे। इस दौरान डीसीपी यमुनानगर श्रध्दा नरेन्द्र पाण्डेय ने कहा कि सभी को भाईचारे को ध्यान में रखते हुए शांति पूर्वक त्यौहार मनाने की अपील की। अराजकतत्वों एवं त्यौहार पर माहौल बिगाड़ने वालों पर पुलिस की पैनी नजर रखी जाएगी और कड़ी कार्रवाई की जाएगी।वहीं बुधवार को ही पुलिस उपायुक्त यमुनानगर श्रद्धा नरेन्द्र पाण्डेय द्वारा थाना नैनी के समस्त विवेचकों का अर्दली रुम का निरीक्षण किया गया व सभी को लम्बित विवेचनाओं के समयबद्ध निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया तथा आगामी ईद-उल-अजहा/ बकरीद त्यौहार को सकुशल संपन्न कराये जाने के दृष्टिगत आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। मौके पर अपर पुलिस उपायुक्त यमुनानगर अभिजीत कुमार व सहायक पुलिस आयुक्त करछना संजय कुमार सिंह मौजूद रहे।

# एसीपी थरवई ने किया पर्व को लेकर पीस कमेटी की बैठक

### शांतिपूर्ण एवं आपसी भाईचारे के साथ पर्व को मनाएं : एसीपी थरवई चंद्र पाल सिंह

अखंड भारत संदेश

**थरवई।** आगामी बकरीद के पर्व को लेकर सहायक पुलिस आयुक्त थरवई चंद्र पाल सिंह की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक हुई संपन्न। जिसमें मौके पर उपस्थित सभी संभ्रान्त गणों को पर्व को लेकर बताया गया कि पर्व शांतिपूर्ण ढंग से मनाएं। मौके पर उपस्थित एसीपी थरवई द्वारा बताया गया कि नमाज को सड़क पर न पढ़ी जाये जिससे यातायात अवरुद्ध हो और सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट न करें वहीं उपस्थित पीस कमेटी को लेकर पीस के मतलब बतालाया गया कि पीस के अर्थ को 'शांति बनाये रखना' को बड़े सरल तरीके से बताया गया। वहीं पर्व को लेकर बताया कि सार्वजानिक स्थलों पर कुबार्नी न दी जाये पूर्व में बने स्थानों पर ही किया जाये। वेस्टेड चीजें सार्वजानिक स्थानों पर न फेकें गड्ढे खुदवाकर उसी में डालकर मिट्टी से ढकें। वहीं नालियों को सम्बंधित विभागों द्वारा उसकी साफ सफाई करवाकर रखें पानी की समुचित व्यवस्था बनी रहे जिससे नालियों में कुछ अपशिष्ट न रुके पानी का बहाव निरंतर बना रहे जिससे सफाई बनी रहे। प्रभारी निरीक्षक अरविन्द कुमार गौतम द्वारा बताया गया की थाना क्षेत्र थरवई अंतर्गत प्रमुख रूप से ग्यारह जगह बने हैं। वहीं मौके पर सभी से अपील की गई की पर्व को शांतिपूर्ण एवं भाईचारे के साथ मिल जुलकर मनाएं। सभी से अपील किया गया किसी भी प्रकार की अव्यवस्था उत्पन्न हो जिसके लिए पुलिस द्वारा आवश्यक कार्यवाही भी की जा सकती है। त्यौहार पर बाइक से तीन सवारी व अधिक गति से ना चलें। मौके पर उपस्थित सभी ग्राम प्रधानों से आग्रह किया कि जो संभव हो व्यवस्थाओं को लेकर अपनी जिम्मेदारी समझें। मौके पर उपस्थित रहे वरिष्ठ उपनिरीक्षक रावेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, एसआई धर्मेन्द्र यादव, रामयण सिंह, राम अवतार, जंग बहादुर सिंह, संजीव सिंह, राधे श्याम गुप्ता, मोहित कुमार महिला एस आई रिचा वर्मा, निधि पटेल, दिव्या एवं म० कांस्टेबल वंदना यादव, कांस्टेबल हरिओम एवं ग्राम प्रधान राजन तिवारी, राम अचल यादव, आदि कई गांव के ग्राम प्रधान, जिला पंचायत सदस्य, जैनुल अख्तर आदि संभ्रान्त गण मौजूद रहे।

# आपसी भाईचारा और सौहार्द के साथ मनाएं ईदुल अजहा का पर्व : एसीपी फूलपुर

अखंड भारत संदेश



**मऊआइमा।** आपसी भाईचारा और सौहार्द के साथ मुझे मनाये ईदुल अजहा का पर्व और कोई ऐसी बात न उत्पन्न हो जिससे किसी को ठेंस पहुंचे। उक्त बातें मऊआइमा थाना परिसर में पीस कमेटी की बैठक में एसीपी उदय प्रताप सिंह ने आए हुए क्षेत्रीय लोगों से कही। उन्होंने कहा कि कुबार्नी का गोस्त ढक कर ले जाएं। जिससे किसी को तकलीफ न हो।कोई बात होने पर पुलिस को सूचना दें। कानून को अपने हाथों में कत्तई न लें। इधर उधर गोस्त न फेंकें। एसीपी फूलपुर उदय प्रताप सिंह ने कहा कि कोई नई परम्परा कायम न करें।तथा कुबार्नी के जानवर का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया और ट्विटर पर न डालें। ऐसा करना वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी।इस अवसर पर चेयरमैन शोएब अंसारी ने कहा कि वह स्लाटर हाउस पर गद्डा खुदवा दिए हैं ?कुबार्नी के समय सारे कर्मचारियों की ड्यूटी स्लाटर हाउस पर रहती है। गंदगी न फैले इसके लिए अलग से व्यवस्था रहती है। इंस्पेक्टर मऊआइमा राघवेन्द्र सिंह ने कहा कि अफवाहें पर कत्तई ध्यान न दें।कोई बात हो तो पुलिस को सूचना दें।पीस कमेटी की बैठक में चेयरमैन शोएब अंसारी,नूर उद्दीन सैफी, मेराज आरिफ, ग्राम प्रधान रिजवानुल हक, अशोक कुमार, अमजद हुसैन,राजू शुक्ला, अनुपम, शिवबाबू, शंकर लाल आदि मौजूद थे।

# यमुनापार की माटी से मेरा पारिवारिक रिश्ता : सांसद उज्जवल रमण सिंह

अखंड भारत संदेश



**करछना।** प्रयागराज यमुनापार की माटी से मेरा पारिवारिक रिश्ता है और हमेशा रहेगा।। उक्त उदगार इलाहाबाद के नवनिर्वाचित सांसद उज्जवल रमण सिंह ने प्रकाश बालिका इंटर कॉलेज डीहा बाजार में आयोजित स्वागत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में व्यक्त किये। उन्होंने कहा कि करछना विधानसभा के वीर कार्यकताओं एवं पदाधिकारियों ने तपती दोपहरी में अपनी जान की बाजी लगाकर चुनाव जिताने का कार्य किया है जो बधाई के पात्र है। अपने संबोधन में सांसद ने कहा कि सन 1974 से लेकर आज तक आपका प्यार दुलार मेरे परिवार को मिला है जिसका मैं आजीवन ऋणी रहूंगा। जो भी कार्य मेरे द्वारा अपेक्षित होगा मैं करूंगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रेमचंद आदिवासी ग्राम प्रधान डीहा ने किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधानसभा अध्यक्ष करछना ननकेश बाबू ने कहा कि बीस हजार की जीत करछना विधानसभा के कार्यकताओं की जीत है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अरुण तिवारी, रामदेव निडर, डॉ उमेश यादव, छोटेलाल शर्मा, कमलेश पुष्कर, विनय कुशवाहा, केशव विश्वकर्मा, मो. नसीम अंसारी, राम राज भारतीया, डॉ. हरिहर देव, सीताराम यादव, साहब लाल आदिवासी, गजेंद्र तिवारी सहित दर्जनों लोगों ने संबोधित किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजेश्वर पाण्डेय, विजयराज सिंह, प्रमोद गिरी, राजेश्वर यादव, संदीप माली, नंदलाल, अरुण यादव आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन तुलसीराम यादव ने किया। कार्यक्रम के संयोजक डॉ विजय बाबू ने नवनिर्वाचित सांसद का स्वागत किया तथा आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया।

# जिला सैनिक बंधु की बैठक 15 जून को

**प्रयागराज।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी ग्रुप कैप्टन श्री अशोक पाण्डेय (अ0प्रा0) ने अवगत कराया कि जिला सैनिक बन्धु की मासिक बैठक दिनांक 15.06.2023 को अपराहन 12.30 बजे संगम सभागार, कलेक्ट्रेट, प्रयागराज में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय, प्रयागराज के तत्वाधान में आयोजित की जायेगी। यह बैठक उ0प्र0 शासन के निदेशानुसार जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में आहुत की जानी है, जिसमें जिले के नामित पदाधिकारी एवं समस्त विकास खण्डों के भूतपूर्व सैनिक एवं उनके आश्रित अपनी-अपनी समस्यायें जिलाधिकारी महोदय के समक्ष रखते हैं। जिलाधिकारी महोदय द्वारा उन समस्याओं का निराकरण उसी समय या पत्राचार के माध्यम से किया जाता है। जनपद के समस्त पूर्व सैनिकों/उनकी वीर नारियों एवं उनके आश्रितों से आग्रह है कि उपर्युक्त आयोजन का अधिक से अधिक लाभ उठायें।

# कांग्रेसियों ने शुरू की धन्यवाद यात्रा

## लोगों से सीधा संवाद कर रहे कांग्रेसी, प्रमोद तिवारी बोले- वेंटीलेटर पर सरकार

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** लोकसभा चुनाव परिणामों से उत्साहित कांग्रेसियों ने प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों में धन्यवाद यात्रा की शुरूआत की है। 11 से 15 जून तक चलने वाली पांच दिवसीय यात्रा में कांग्रेसी लोगों से सीधा संवाद कर मतदान के प्रति आभार व्यक्त कर रहे हैं। बुधवार को सिविल लाइन्स एलगिन रोड स्थित आवास पर पहुंचे राज्यसभा में विपक्षी पार्टी के उपनेता प्रमोद तिवारी भी यात्रा में शामिल हुए। धन्यवाद यात्रा निकाल रहे पार्टी पदाधिकारी और कार्यकताओं ने प्रमोद तिवारी का स्वागत किया।इस दौरान इलाहाबाद लोकसभा सीट पर चार दशक बाद मिली जीत के लिए प्रमोद तिवारी ने जनता और इंडिया गठबंधन के संयुक्त कार्यकताओं का आभार जताया। प्रमोद तिवारी ने कहा कि एनडीए सरकार वेंटीलेटर पर है और उनके सहयोगी पार्टी का पांव सत्ता के एक्सीलेटर पर है। उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि मोदी सरकार किसान, गरीब, बेरोजगार युवा और खेत-खलियान के सशक्तिकरण के लिए पिछले कार्यकाल में कुछ नहीं किया है। एनडीए पर हमला बोलते हुए राजयसभा सांसद प्रमोद तिवारी ने कहा कि एनडीए सरकार की उम्र कम है और ख्वाइशें ज्यादा हैं। जिससे महंगाई और बेरोजगारी का बवंडर आने का खतरा देश में लगातार बढ़ रहा है। इस दौरान गंगापार जिलाध्यक्ष सुरेश यादव, यमुनापार अध्यक्ष अरुण तिवारी, पूर्व विधयाक विजय प्रकाश, मुकुंद तिवारी, संजय तिवारी, हसीब अहमद, लाल सिंह पटेल, रईस अहमद, तलत अजीम, सुनील यादव, एहतेशाम अहमद, जीशान अहमद, विश्वनाथ सिंह समेत आदि लोग मौजूद रहे।

# जमीनी विवाद को लेकर घर में घुस कर मार पीट तोड फोड़ मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम सराय बादशाह कुली निवासी मोहम्मद अशरफ अली पुत्र अजीम उद्दीन का कहना है कि वह विकलांग है। आरोप है कि उसके दादा ने उसे मकान और जमीन दिया है। आरोपित है कि परिवार के ही लोगों द्वारा घर हडपने की बदनीयती के इरादे से उसके घर में घुस कर सामान तोड कर फेंक दिए तथा उसकी माता और पत्नी को मारे पीटे जान से मारने की धमकी दिए। मोहम्मद अशरफ अली ने मऊआइमा थाने में अदनान और इमामुद्दीन निवासी सराय बादशाकुली,तथा नियामत उल्ला, शाहबाज आलम,अम्मार आलम निवासी मऊआइमा कस्बा के पूरे मियां जी के खिलाफ मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# पन्द्रह वर्षीय किशोरी को अज्ञात युवक बहला फुसलाकर भगा ले गया

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासनीय एक महिला का आरोप है कि उसकी पन्दह वर्षीय लड़की को एक अज्ञात युवक द्वारा बहला फुसलाकर भगा ले गया। किशोरी की माता ने मऊआइमा थाने में अज्ञात में मुकदमा दर्ज करा दिया है।

# शंकरगढ़ थाना परिसर में बकरीद को लेकर पीस कमेटी की बैठक

अखंड भारत संदेश



**शंकरगढ़, प्रयागराज।** थाना परिसर में अगामी होने वाले बकरीद के त्योहार को लेकर बैठक हुई। जिसमे लोगों से शान्ति पूर्वक ढंग से त्योहार मनाए जाने की अपील की गई। बैठक में थाना प्रभारी ओम प्रकाश संभ्रांत लोगों से बकरीद के त्योहार को आपसी भाई चारे के साथ शांति पूर्वक मनाए जाने का आवाहन किया। बैठक में लोगो ने नगर में पानी की समस्या को देखते हुए त्योहार पर विशेष व्यवस्था करवाए जाने को कहा। व्यापार मंडल महामंत्री पंकज केसरवानी ने बताया कि डूडा कालोनी में कई पानी के टैंकर पंचर होकर खड़े हैं। जिसे ठीक नही करवाया जा रहा है। जिससे पानी के वितरण में समस्या हो रही है। जिस पर थाना प्रभारी निरीक्षक ने अधिशाषी अधिकारी नवनीत कुमार से खराब टैंकरों को ठीक करवाकर नगर में पानी का समुचित ढंग से वितरण करवाए जाने को कहा। इस अवसर पर थाना प्रभारी ओम प्रकाश, वरिष्ठ उपनिरीक्षक नवीन सिंह, एस एस आई शिव कुमार यादव, उपनिरीक्षक लोकेंद्र सिंह,दीवान संतोष तिवारी, प्रधान संघ अध्यक्ष पुष्पराज सिंह, जामा मस्जिद इमाम गुलाब नवी आजाद, प्रधान पप्पू सिंह, गुलाब सिंह, ज्ञानेंद्र मिश्रा, पंकज केसरवानी, आविद अली, धीरज वैश्य, शमीम अहमद, मो इस्माइल, मनीष केसरवानी, अखिलेश द्विवेदी सहित दर्जनों नागरिक मौजूद रहे।

# डाक विभाग के इण्डिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक में मात्र 549 में होगा 10 लाख का दुर्घटना बीमा : पोस्टमास्टर जनरल

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** महंगे प्रीमियम पर बीमा करवाने में असमर्थ लोगों के लिए डाक विभाग का इण्डिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक एक विशेष दुर्घटना सुरक्षा बीमा लेकर आया है, जिसमें वर्ष में महज 549 और 749 रुपए के प्रीमियम के साथ लाभार्थी का क्रमशः 10 और 15 लाख रुपए का बीमा होगा। एक साल खत्म होने के बाद अगले साल यह बीमा रिन्यू करवाना होगा। इसके लिए इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक में लाभार्थी का खाता होना अनिवार्य है। उक्त जानकारी वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने दी। डाक विभाग इसके लिए 13 जून को वाराणसी परिक्षेत्र के अधीन वाराणसी, भदोही, चंदौली, जौनपुर, गाजीपुर, बलिया ज़िलों में विशेष अभियान चलायेगा। पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने बताया कि इण्डिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक और आदित्य बिरला हेल्थ इंश्योरेंस ग्रुप पर्सनल एक्सीडेंट के मध्य हुए एक एग्रीमेंट के तहत 18 से 65 वर्ष आयु के लोगों को यह निजी दुर्घटना बीमा सुरक्षा मिलेगी। इसके तहत, दोनों प्रकार के बीमा कवर में दुर्घटना से मृत्यु, स्थाई या आंशिक पूर्ण अपंगता, अंग विच्छेद या पैरालाइज्ड होने पर क्रमशः 10 और 15 लाख रुपए का कवर मिलेगा। साथ ही साथ इस बीमा में दुर्घटना से हॉस्पिटल में भर्ती रहने के दौरान इलाज हेतु 60,000 रुपए तक का आई.पी.डी खर्च और ओ.पी.डी में 30,000 रुपए तक का क्लेम मिलेगा। इस बीमा में डॉक्टर से पोषण संबंधी सलाह एवं मानसिक स्वास्थ्य के लिए 4 परामर्श की सुविधा होगी वहीं, दोनों प्रीमियम बीमा में उपरोक्त सभी लाभों के अलावा दो बच्चों की पढ़ाई के लिए एक लाख तक का खर्च, दस दिन अस्पताल में रोजाना का एक हजार खर्च, किसी अन्य शहर में रह रहे परिवार हेतु ट्रांसपोर्ट का 25,000 रूपए तक का खर्च और मृत्यु होने पर अंतिम संस्कार के लिए 5,000 तक का खर्च मिलेगा। पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने कहा कि इसके लिए इंडिया पोस्ट पेमेंट्स बैंक में लाभार्थी का खाता होना अनिवार्य है। प्रीमियम खाता मात्र 200/- में प्राप्त किया जा सकता है। इस योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए ग्राहक का आधार नंबर एवम मोबाइल नंबर होना अनिवार्य है। ग्राहक का खाता बिना किसी दस्तावेज के दिए केवल बायोमेट्रिक के आधार पर तुरंत खुल जाता है एवं साथ ही साथ दुर्घटना बीमा का भी लाभ बिना किसी दस्तावेज जमा कराए लिया जा सकता है। प्रीमियम खाता में किसी भी प्रकार का डोर स्टेप चार्ज नहीं देना होगा, तथा इसके साथ ही बिजली बिल भुगतान और कैशबैक भी प्राप्त किया जा सकता है। घर बैठे आईपीपीबी एप के माध्यम से सुकन्या, पीपीएफ, आर डी, पीएलआई आदि का ऑनलाइन भुगतना भी संभव है। वाराणसी पूर्वी मंडल के प्रवर डाक अधीक्षक श्री राजीव कुमार ने बताया कि इस दुर्घटना बीमा सुविधा में पंजीकरण के लिए लोग अपने इलाके के डाकिया या नजदीकी डाकघर में संपर्क कर सकते हैं।

# किशोरी की संदिग्ध दशा में मौत, पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़कर निकाला बाहर

**अखंड भारत संदेश**





**प्रयागराज।** बुधवार को किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव कमरे के अंदर फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची फूलपुर पुलिस ने ग्रामीणों की मदद से दरवाजा तोड़कर शव को बाहर निकाला और पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। किशोरी की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। घटना जंघई चौकी क्षेत्र के नेदुला बजती की है।यहां के रहने वाले कालिका प्रसाद की तीन बेटियों में छोटी सानिया (15) दोपहर करीब 12 बजे अपने कमरे में आराम करने चली गई। शाम करीब चार बजे तक जब वह नहीं उठी तो परिजनों ने खिड़की से देखा तो फंदे पर लटक रही थी। सूचना पर सरायममरेज व जंघई पुलिस चौकी की फोर्स मौके पर पहुंची। ग्रामीणों की सहायता से दरवाजा तोड़कर अंदर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। बेटी की मौत से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। फांसी लगाने का कारण नहीं पता चल सका। पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा शव : इंस्पेक्टर सराय ममरेज योगेश प्रताप सिंह ने बताया कि किशोरी फांसी क्यों लगाई है। इसका कुछ कारण नहीं पता चल सका है। मामले की जांच की जा रही है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमॉर्टम के बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

### प्रेमी युगल के फांसी लगाने के बाद पुलिस ने लिखा मुकदमा, प्रेमी युगल ने हाथों की नसो को ब्लेड से काट रखा था

**प्रयागराज।** थाना बहरिया के अन्तर्गत धनपालपुर गांव में बुआ के घर से फरार किशोरी ने प्रेमी के साथ तुलापुर के मनसैता नदी के पास आम के पेड़ की डाल पर फांसी लगा कर आत्मा हत्या कर ली । जानकारी के अनुसार किशोरी शान्ती देवी पुत्री रामअधार निवासी घाटमपुर थाना नवाबगंज सप्ताह भर पहले अपने फुफा राकेश चन्द्र निवासी धनपालपुर, सिकन्दरा के घर आयी हुयी थी । जहां से वह अपने प्रेमी भागीरथी यादव पुत्र बड़ेलाल निवासी घाटमपुर के साथ शनिवार को देर रात को फरार हो गयी थी । जिसकी लिखित तहरीर फुफा राकेश चन्द्र ने 8 जून को बहरिया थाने में दी थी । वही सोमवार को देर रात प्रेमी युगल ने दुपट्टे और गमछे को जोड़कर आम की पेड़ की डाल से लटक कर आत्महत्या कर ली थी। जिसकी सूचना मंगलवार सुबह थाना बहरिया पुलिस को मिली तो पुलिस ने फुफा की तहरीर पर घटना घटित होने के बाद 11 जून मंगलवार को मृतक प्रेमी भागीरथी यादव के ऊपर विभिन्न धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर लिया।

### शहर में हो रहे विकास कार्यों के संदर्भ में महापौर ने किया निगम अधिकारियों के साथ बैठक



**प्रयागराज।** बुधवार को महापौर गणेश केसरवानी द्वारा शहर में हो रहे विकास कार्यो,नाला सफाई एवं शहर स्वच्छता के सम्बन्ध में एक बैठक आहुत की गयी। बैठक में महापौर जी द्वारा उपस्थित सभी अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि सभी विकास कार्य प्राथमिकता के आधार पर ससमय पूर्ण कराये जाये तथा उनकी गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाय। वर्षा ऋतु प्रारम्भ होने वाली है शहर स्थित सभी नालों नालियों एवं सीवर लाइन की सफाई का कार्य बरसात होने के पूर्व पूर्ण करा ली जाय ताकि शहर में जलप्लावन की समस्या न उत्पन्न होने पाये। इसके अतिरिक्त शहर की स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाय इसके लिये सभी सम्बन्धित अधिकारी निरन्तर अपने कार्य आवंटन क्षेत्रों में भ्रमण करें तथा शहर को स्वच्छ रखने का पूर्ण प्रयास करें। समय समय पर मेरे द्वारा भी नगर निगम द्वारा कराये जा रहे कार्यो का निरीक्षण किया जायेगा। बैठक में चन्द्र मोहन गर्ग,नगर आयुक्त, दीपेन्द्र यादव अपर नगर आयुक्त, डा.अभिषेक सिंह,डा. महेश नगर स्वास्थ्य अधिकारी, सतीश कुमार मुख्य अभियन्ता व अनुपमा श्रीवास्तव कार्यालय अधीक्षक उपस्थित रहे।

## अंत्योष्टि से पहले पहुंची पुलिस, शव को भेजा पोस्टमार्टम हाउस

**महिला की मौत को लेकर पति पर हत्या का आरोप**

**अखंड भारत संदेश**

**झूंसी।** महिला की संदिग्ध मौत की शिकायत पर पहुंची पुलिस ने अंत्येष्टि से पहले शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने ससुरालियों पर हत्या का मामला दर्ज कर जांच कर रही है। मामला झूंसी के आवास विकास कालोनी है। महिला यहा अपने पति के साथ किराये पर रहती थी। मंगलवार की रात उसकी फांसी लगने से मौत हो गई थी। मेजा ओनौर जेरा निवासी सौरभ तिवारी ने बताया कि उसकी बहन रागिनी का विवाह 3 वर्ष पूर्व भदोही शेरपुर निवासी राहुल दुबे से हुआ था। वह झूंसी के लाल चौक पर किराये के कमरे में पति के साथ रहती थी। आरोप है कि पति दहेज के लिए रागिनी को प्रताड़ित करता था और मंगलवार को गाला घोट कर उसकी हत्या कर दी। ससुराल वालों को बिना सूचना दिए राहुल अपनी पत्नी रागिनी का शव लेकर अपने गांव चला गया। बहन की मौत की खबर मिलते ही सौरभ परिवार के लोगों के साथ भदोही पहुंचा और पुलिस कंट्रोल रूम को सूचना दी सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर प्रयागराज के लिए भेज दिया सौरभ की तहरीर पर झूंसी पुलिस ने रागिनी के पति पर मामला दर्ज किया है।


### भीषण गर्मी को देखते हुए शहर की 12:00 बजे तक होगी सफाई

**प्रयागराज।** भीषण गर्मी को देखते हुए शहर की सफाई का समय बदल दिया गया है। अब सुबह पांच से दोपहर 12 बजे तक सफाई होगी। सफाईकर्मियों ने गर्मी के मद्देनजर सफाई का समय घटाने की मांग महापौर उमेशचंद्र गणेश केसरवानी से की थी। महापौर ने सफाईकमियों के काम का समय बदलने और अन्य मुद्दों पर चर्चा के लिए नगर आयुक्त, स्वास्थ्य विभाग प्रभारी और स्वास्थ्य अधिकारियों के साथ नगर निगम में बैठक की।शहर की सफाई का समय बदलने की मांग को लेकर इलाहाबाद नगर निगम सफाई मजदूर यूनियन का प्रतिनिधिमंडल मंगलवार को महापौर से मिला था। सफाईकर्मियों ने इसी सिलसिले में बुधवार को नगर निगम ने जुलूस निकाला और सभा भी की। सभा के बाद यूनियन के अध्यक्ष प्रदीप ने बताया कि सफाई का समय बदलने की जानकारी हुई है। अधिकृत जानकारी की यूनियन के बाकी सदस्यों के साथ चर्चा की जाएगी।

# बुधवार को सबसे गर्म प्रयागराज 47 डिग्री पहुंचा तापमान, तपिश से लोग बेहाल

**अखंड भारत संदेश**

**दिन में कड़ी धूप व गर्म हवाएं रात में बढ़ रही उमस**






**प्रयागराज।** प्रयागराज। में गर्मी अपने चरम पर है। मानो सूर्य धरती पर आ गया हो। बुधवार को पारा 47 डिग्री रहा।सुबह 7 बजे से ही सूर्य की तपिश ने लोगों को बेहाल कर दिया। सामान्य स्थिति की बात करें तो घर से लोग निकलने में सोच रहे हैं। वहीं बिजली की अघोषित कटौती से लोग परेशान है। भीषण गर्मी अब जानलेवा होती जा रही है। पूरे प्रदेश में गर्मी ने लोगों को बेहाल कर दिया है। बीते दिनी भीषण गर्मी और हीट वेव के कारण 17 लोगों ने अपनी जान भी गवाई थी। इतना ही नहीं मौसम विभाग ने 10 जिलों को हीट वेव का रेड अलर्ट भी जारी किया है। जिसमें प्रयागराज को ऑरेंज अलर्ट घोषित किया गया है। प्रयागराज में गर्मी कम होने का नाम नही लव रही है। बुधवार को पारा 47 डिग्री रहा। धूप और गर्मी से बेहाल लोग घरों से बाहर नही निकल रहे है। सुबह 7 बजे से ही सूर्य की तपिश लोगो को बेहाल कर रही है। सड़कों पर सन्नाटा छाया हुआ है। शाम चार बजे के बाद ही लोग घरों से निकल रहे है।

## अन्तर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर गोष्ठी का किया गया आयोजन

**अखंड भारत संदेश**



**प्रयागराज।** अन्तर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के अवसर पर बुधवार को सहायक श्रमायुक्त, प्रयागराज द्वारा एक गोष्ठी का आयोजन किया गया, जिसमें विभिन्न स्टेक होल्डर्स, सरकारी तथा गैर सरकारी संगठन, एन्टी हयूमन ट्रैफिकिंग यूनिट, सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि एवं श्रम प्रवर्तन अधिकारी उपस्थित रहे। गोष्ठी में बाल श्रम को रोकने हेतु प्रभावी कार्यवाही पर चर्चा की गयी। उक्त गोष्ठी में विभिन्न व्यापारिक प्रतिष्ठानों, ईंट भट्ठों पर बाल श्रम की रोकथाम हेतु जागरूकता अभियान चलाये जाने हेतु निर्देश दिये गये। सहायक श्रम आयुक्त, प्रयागराज द्वारा बताया गया कि जून माह में राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग, नई दिल्ली के निर्देशन में वृहद स्तर पर अभियान चलाकर बाल श्रमिकों के शैक्षिक एवं आर्थिक पुनर्वासन हेतु अन्य आनुशांगिक कार्यवाही की जा रही है। चिन्हित बाल श्रमिकों के शैक्षिक एवं आर्थिक पुनर्वासन हेतु अन्य आनुशांगिक कार्यवाही की जा रही है। चिन्हित बाल श्रमिकों के शैक्षिक एवं आर्थिक पुर्नवासन हेतु अन्य आनुशांगिक कार्यवाही की जा रही है। चिन्हित बाल श्रमिकों एवं परिवारों को विभाग द्वारा चलायी जा रही विभिन्न योजनाओं जैसै बाल श्रमिक विद्या योजना से आच्छादित कर उनको शिक्षा से मुख्यधारा से जोड़ने का प्रयास किया जा रहा है। सहायक श्रमायुक्त, प्रयागराज द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों का खतरनाक व्यवसाय में कार्य करना पूर्णतः निषेध है तथा 14 से 18 आयु वर्ग के किशोर को उनकी विद्यालय जाने की अवधि के उपरान्त कतिपय शर्तों के साथ कार्य कराया जा सकता है।

### थाना बारा पुलिस द्वारा 01 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रयागराज।** पुलिस आयुक्त प्रयागराज के द्वारा अपराधियों के विरुद्ध चलाए गए अभियान के अंतर्गत पुलिस उपायुक्त यमुनानगर श्रद्धा नरेन्द्र पांडे के निर्देश के क्रम में सहायक पुलिस आयुक्त बारा संतलाल सरोज के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना बारा विनोद विनोद कुमार के कुशल नेतृत्व मेंथाना बारा पुलिस द्वारा माननीय न्यायालय जे0एम0 तृतीय इलाहाबाद द्वारा निर्गत मु0नं0 970/10 धारा 323/324/325/504/506 भा0द0वि0 से संबंधित अभियुक्त अमजद पुत्र रहीम निवासी गन्ने हर्रो थाना बारा जनपद प्रयागराज को दिनांक 11.06.2024 को ग्राम गन्ने हर्रो थाना क्षेत्र बारा से गिरफ्तार किया गया । नियमनुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी । वही गिरफ्तार वारण्टी अभियुक्त अमजद पुत्र रहीम निवासी गन्ने हर्रो थाना बारा जनपद प्रयागराज, उम्र करीब 42 वर्ष । मु0नं0 970/ 10 धारा 323/ 324/ 325/ 504/ 506 भा0द0वि0, माननीय न्यायालय जे0एम0 तृतीय इलाहाबाद।

पुलिस टीम : 1.उ0नि0 अखिलेश कुमार थाना बारा कमिश्नरेट प्रयागराज । 2.का0 महेश कुमार थाना बारा कमिश्नरेट प्रयागराज । 3.का0 महेश पाल थाना बारा कमिश्नरेट प्रयागराज।

## आल इंडिया बैंक आफ बड़ौदा आफिसर्स एसोसियेशन का प्रदर्शन

**अखंड भारत संदेश**




**प्रयागराज।** बैंक ऑफ बड़ौदा ऑफिसर्स एसोसियेशन ने राष्ट्र ब्यापी आदोलन की शुरूआत की। बैंक की उच्चस्तरीय प्रबंधन द्वारा ट्रांसफर नीति नियमावली का उल्लंघन किए जाने स्टाफ की कमी तथा अनुचित दबाव अनसुलझे मुद्दे अपूर्ण आश्वासन आदि मामलों को ले कर जिले मंडल के सभी बैंक अधिकारी संगठनों ने विरोध प्रदर्शन किया। क्योंकि बैंक प्रबंधन द्वारा बैंक के इतिहास में अभूतपूर्व मनमानी नियमावलियों का विरोध किया गया। जिसमें बेलाल अहमद,अरविंद कुमार राजेश कुमार,आदि अधिकारियों ने प्रयागराज में बैंक संगठनों के नेताओं के साथ प्रदर्शन किया।

### जनरल स्टोर का ताला तोड़ लाखों की चोरी

**झूंसी।** थाना क्षेत्र के हवेलियां स्थित एक जनरल स्टोर का ताला तोड़ चोरो ने समान व नगदी पार कर दिया साथ मे दुकान के बाहर लगा सीसी टीवी कैमरा भी तोड़ दिया और घर मे सो रहे परिजनों को घटना की भनक तक नही लगी सुबह उठने पर मामले की सूचना पुलिस को दी गई। हवेलिया संगम विहार निवासी भगवान पुत्र स्व.राधेश्याम घर मे ही जनरल स्टोर खोल रखा है। मंगलवार की रात चोरो ने दुकान का ताला तोड़ कर समान व नगदी पर हाथ साफ कर दिया। इस दौरान चोरों ने मकान में लगे सीसीटीवी कैमरे को तोड़ दिया लेकिन चोरों की तस्वीर सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है।

### रसूलाबाद की बिजली सुबह से रहेगी गुल,14 व 15 को भी हो सकता है यही हाल, बदले जाएंगे जर्जर तार व पोल

**प्रयागराज।** प्रयागराज शहर के रसूलाबाद में अंडरग्राउंड केबल के चल रहे कार्य की वजह से गुरुवार को तेलियरगंज संगम वाटिका से रसूलाबाद घाट की बिजली गुरुवार सुबह 11 से दोपहर एक बजे तक बंद रहेगी। एसडीओ अंकित सिंह ने बताया कि समय से पहले कर्मचारियों को कार्य समाप्त करने के निर्देश दिए गए हैं। इसी प्रकार अवर अभियंता कसारी-मसारी निलेश कुमार मिश्रा ने बताया कि क्षेत्र में पोल शिफ्टिंग के कारण राजरूपपुर, साईधाम और डेरी फीडर गुरुवार सुबह 11 से शाम पांच बजे तक बंद रहेंगे ।उधर, महाकुंभ पेशवाई मार्ग पर बिजली के पोल और तार लगाने के कार्य की वजह से बख्शी बांध उपकेंद्र की बिजली 14 व 15 जून को सुबह 11 से शाम चार बजे तक बंद रहेगी। अवर अभियंता दीपक सिंह ने बताया कि कैलाश पुरी, खजूर लाइन, खुशी डेरी, बाघंबरी रोड, अल्लापुर क्षेत्र की बिजली आपूर्ति प्रभावित रहेगी।

## आप विधायक अमानतुल्लाह और बेटे अनस को हाई कोर्ट से राहत, गिरफ्तारी पर लगाई रोक

**अखंड भारत संदेश**

**प्रयागराज।** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नोएडा की कोतवाली फेज-वन स्थित पेट्रोल पंप कर्मियों के साथ हुई मारपीट के मामले में दिल्ली की ओखला सीट से आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान और उनके बेटे अनस खान की गिरफ्तारी पर रोक लगा दी है। कोर्ट ने सरकार से छह हफ्ते में जवाबी हलफनामा भी तलब किया है।यह आदेश न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह और न्यायमूर्ति शैलेंद्र क्षितिज की खंडपीठ ने विधायक और उनके बेटे की ओर से एफआईआर को चुनौती देने वाली याचिका पर वरिष्ठ अधिवक्ता वीएम जैदी को सुन कर दिया। मामला दर्ज होने के बाद से फरार चल रहे पिता-पुत्र की तलाश में जुटी नोएडा पुलिस विधायक, उनके पुत्र अनस और अबु बकर की संपत्ति कुर्क करने की तैयारी कर रही थी। मामला नोएडा के फेज वन थाना क्षेत्र का है। विधायक पुत्र समेत अन्य लोग सेक्टर-95 स्थित शहीद रामेंद्र प्रताप सिंह के फिलिंग स्टेशन पर 7 मई की सुबह कार लेकर पहुंचे थे। आरोप है कि उन्होंने दूसरी गाड़ियों से पहले उनकी गाड़ी में पेट्रोल डालने को कहा था। इस पर सेल्समैन ने गाड़ी को लाइन से लगा कर पेट्रोल देने की बात कही। यह बात इन्हें बुरी लग गई। इसी दौरान अनस और उसकी कार में बैठे अन्य लड़कों ने सेल्समैन से मारपीट कर ली। इसके बाद मौके पर पहुंचे विधायक अमानतुल्लाह खान ने पेट्रोल पंप के मैनेजर को धमकाया। इस घटना की सीसीटीवी कैमरों में कैद वीडियो सोशल मीडिया पर प्रसारित हो गया। इसके बाद पुलिस ने विधायक अमानतुल्लाह खान के मैनेजर इकरार अहमद को गिरफ्तार कर लिया था। लेकिन विधायक और उनके बेटे अनस फरार चल रहे थे। करीब एक माह पहले विधायक अमानतुल्लाह खान, पुत्र अनस और अबु बकर के खिलाफ जिला अदालत ने गैर जमानती वारंट जारी किया था। इसके बाद पुलिस ने विवेचना के दौरान साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर कई धाराएं बढ़ाई गई थीं। इनमें एससी/एसटी एक्ट, जानलेवा हमला करने और लूटपाट की धाराओं की वृद्धि की थी। इसके खिलाफ विधायक और उनके बेटे अनस ने हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद भरवारी, जनपद कौशाम्बी

पत्रांकः 51/न.पा.परि.भ./2024-25/नामान्तरण/संशोधन दिनांक 12 जून 2024

**सार्वजनिक सूचना**

एतद्द्वारा निम्नलिखित भवन/भूखण्ड के स्वामियों, क्रेतागणों, वारिसानो तथा अन्य सम्बन्धितों को सूचित किया जाता है कि निम्न भवनों के नाम परिवर्तन के कार्यवाही हेतु नगर पालिका परिषद भरवारी में विचाराधीन है आपत्ति कर्ता सम्पूर्ण प्रमाण पत्रों सहित विज्ञापन के प्रकाशन के 30 दिनों के अन्दर नगर पालिका परिषद भरवारी कार्यालय में आपत्ति दाखिल कर सकते हैं। अन्यथा सम्बन्धित प्रकरण में एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए उपरोक्त भवन/भूखण्ड से सम्बन्धित नामान्तरण की कार्यवाही पूर्ण कर दी जायेगी। जिसकी कार्यालय नगर पालिका परिषद भरवारी की कोई जिम्मेदारी नही होगी। उपरोक्त प्रकरण में नामान्तरण/संशोधन की प्रक्रिया वार्ड वार गृहकर/भवनकर के रजिस्टर में नया मकान नम्बर गृहकर हेतु चल रहे वर्तमान सर्वे की प्रक्रिया पूर्ण होने के पश्चात् ही नियमानुसार निर्धारित किया जायेगा।

| क्र. सं. | भवन/भूखण्ड जहाँ स्थित है उसका वर्तमान पता | पंजीकृत बैनामा के अनुसार राजस्व ग्राम /आराजी सं0/ रकबा का विवरण | विक्रेता द्वारा रजिस्ट्री बैनामा मे अंकित अभिलेख के अनुसार भवन/भूमि स्वामी का नाम व पता सहित विवरण | क्रेता द्वारा रजिस्ट्री बैनामा में अंकित अभिलेख के अुनसार जिसके पक्ष में भवन/भूमि पर नाम परिवर्तन होना है | नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | वार्ड नं0 16, देहदानी डॉ0 राजेन्द्र नगर (गौरा) नगर पालिका परिषद भरवारी कौशाम्बी। | मौजा गौरा इलाहाबाद, परगना कड़ा तहसील सिराथू जनपद कौशाम्बी जो कि आबादी सं0 177 क्षेत्रफल 1.0640हे0 से आपस में मिले हुए 4 किता प्लाट कुल 280 वर्ग मी0 के आधार पर | श्री ओमकृष्ण पाण्डेय पुत्र शिवाकान्त पाण्डेय, निवासी ग्राम नौढ़िया आमद करारी, परगना कड़ा तहसील सिराथू जनपद कौशाम्बी | श्री अमन केशरवानी पुत्र अनिल कुमार केशरवानी निवासी–गौरा रोड, भरवारी पोस्ट–भरवारी, तहसील सिराथू जनपद कौशाम्बी उ.प्र. वर्तमान पता वार्ड नं. 16 देहदानी डॉ. राजेन्द्र नगर (गौरा) नगर पालिका परिषद भरवारी कौशाम्बी | पंजीकृत रजिस्ट्री बैनामा स्टाम्प सं0 IN-UP59567904654439W आवेदन सं0 202400885003448 बही सं0 01 एवं रजिस्ट्रेशन संख्या 3127/ 2024 दिनांक 27.05.2024 की छायाप्रति के आधार पर |

अधिशासी अधिकारी
नगर पालिका परिषद
जनपद- कौशाम्बी

# प्रशासक के रुप में नपा की पहली बैठक में डीएम ने समस्याओं को निपटाने के दिये निर्देश

## शुरु में अधिकारियों से लिया परिचय, जलभराव समस्या पर बनाएं मास्टर प्लान

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** नगर पालिकाध्यक्ष हरिप्रताप सिंह के निधन पर रिक्त पद पर शासन द्वारा नियुक्त प्रशासक जिलाधिकारी संजीव रंजन ने नगर पालिका के सभागार में कल देर शाम को बैठक की जिसमें सभी अधिकारियों से परिचय प्राप्त करने के बाद वह सभासदों से मिले और उनके क्षेत्र की समस्याओं को ध्यान से सुना।

बैठक में सभासद योगेश सिंह ने जल निकासी व स्ट्रीट लाइट न होने की शिकायत की तो जिलाधिकारी ने ईओ राम अचल कुरील को निर्देशित किया कि जहां ऐसी समस्याएं हैं, वहां लाइट लगवाकर समस्या का निदान किया जाए। इसके साथ नगर पालिका द्वारा स्थापित हैण्डपम्प व वाटर एटीएम का तुरंत सर्वे कराकर उसे दो दिन के अंदर ठीक कराया जाए तथा यह भी सुनिश्चित किया जाए कि नागरिकों को रोस्टर के हिसाब से जलापूर्ति मिल रही है या नहीं। जिलाधिकारी ने वर्षा हेतु समस्त नाले-नालियों की सफाई के निर्देश दिये। उन्होंने ईओ को जल निकासी की समस्या को लेकर मास्टर प्लान तैयार करने के भी निर्देश दिये। बैठक में सभासद उदयशंकर मिश्र, शिवशंकर मिश्र, योगेश सिंह, धीरज सिंह, दीपक कुमार, आशीष जायसवाल, सुनील दुबे, तुषारदत्त मिश्र, बसंत लाल गुप्ता, राकेश पटेल, विजय बहादुर, विनोद कुमार रजक, मुफीज अहमद, अमृत लाल, निभा मौर्या, कुमकुम, शहनाज, अनिल कुमार सिंह, संजय सिंह, आशुतोष सिंह आदि ने अपनी बात रखी। इस अवसर पर नगर पालिका के सफाई निरीक्षक संतोष कुमार सिंह, राजस्व निरीक्षक लाल बहादुर, राजेश बिंद, सभापति यादव, अनिल जायसवाल सहित पालिका के विभिन्न पटलों के प्रभारी उपस्थित रहे। बैठक का संचालन ईओ राम अचल कुरील ने किया।



नगर पालिका परिसर में आयोजित बैठक में बोलते डीएम संजीव रंजन

## ग्राम सभा में जेसीबी से हो रहा कार्य, की शिकायत

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** जिले के बाबागंज विकास खण्ड के महेशगंज थाना क्षेत्र के पटना गांव निवासी अखिलेश मिश्र ने जिलाधिकारी और मुख्य विकास अधिकारी को पत्र भेजकर ग्राम पंचायत पटना में प्रधान द्वारा जेसीबी लगाकर कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि ग्राम प्रधान लखनऊ में रहते हैं और ग्राम सभा का कार्य अपने रिश्तेदार द्वारा करवाते हैं। इसी क्रम में मौजूदा चल रहे कार्य हरिजन बस्ती से पक्की सड़क तक सम्पर्क मार्ग व तालाब की खुदाई में जेसीबी द्वारा कार्य चलाया जा रहा है। पूछने पर ग्राम प्रधान के गुर्गे मारपीट व गाली-गलौज पर अमादा रहते हैं। इस घटना की उच्च स्तरीय जांच कराकर कार्यवाही किये जाने की मांग की गई है।

# डाक्टर की पत्नी ने छात्रा को भेंट की साइकिल

## पांच किलोमीटर पैदल चलकर कालेज जाती हैं छात्रा लाजू

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** पांच किलोमीटर पैदल चलकर कालेज जाने वाली क्लास नौ की छात्रा लाजू विश्वकर्मा को जिले के प्रख्यात रेडियोलॉजिस्ट डाक्टर शिव मूर्ति लाल मौर्य की धर्मपत्नी विमला मौर्य ने साइकिल भेंट की है। साइकिल पाकर लाजू खुश हो गई। बोली अब उसकी पढ़ाई आसान हो गई। समय पर स्कूल पहुंच जाएगी।

लाजू खजुरनी ग्राम सभा के बोधी पांडेय का पुरवा की रहने वाली हैं। वह जीजीआईसी में क्लास नौ की छात्रा है। उसकी शिक्षा बच्चा बैंक फ्रेंड्स ग्रुप, बीबीएफजी के सहयोग से चल रही है। ग्रुप के सहयोगी अश्विनी केसरवानी ने बताया कि लाजू के पास स्कूल आने का कोई साधन नहीं था। बच्चा बैंक के माध्यम से जब यह बात डाक्टर शिव मूर्ति लाल मौर्य को पता चली तो उन्होंने लाजू को साइकिल देने का वादा किया। बुधवार को उनकी धर्मपत्नी श्रीमती विमला मौर्य ने लाजू को अपने घर पलटन बाजार बुलाया और उसे नई साइकिल भेंट की। अश्विनी ने सहयोग के लिए डाक्टर शिव मूर्ति लाल के प्रति आभार जताया। लाजू जिस सेंटर पर निशुल्क शिक्षा पाती हैं उसके प्रिंसिपल शनि ने बताया कि लाजू पढ़ाई के साथ साथ खेलकूद में आगे है। उसका पसंदीदा खेल रेस है। कई मेडल जीत चुकी है।



छात्रा को साइकिल भेंट करतीं चिकित्सक की पत्नी।

# पेरिस में भारत गौरव अवार्ड से नवाजी गईं डॉ0 अंजना

## जिले के साहित्यकारों ने इसे माना बड़ी उपलब्धि

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** बहुंचरा गांव के रहने वाले परिवहन आयुक्त चंद्रभूषण सिंह की पत्नी कवयित्री डॉ. अंजना सिंह सेंगर पेरिस स्थित फ्रेंच सीनेट पैलेस डू लक्जमबर्ग में भारत गौरव अवॉर्ड से नवाजी गई। उन्हें सम्मानित किये जाने पर जिले के साहित्यकारों ने खुशी जाहिर करते हुए बधाई दी है।

अपने क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करते हुए अभूतपूर्व उपलब्धियों द्वारा विश्व में भारत का मान बढ़ाने वालों को पेरिस में सम्मानित किया, जिसमें फिल्म अभिनेता अन्नू कपूर, अयोध्या में श्रीराम जी की मूर्ति निर्माण करने वाले अरुण योगिराज एवं वस्त्र डिजाइन करने वाले मनीष त्रिपाठी, डॉ. अंजना सिंह सेंगर सहित 18 देशों के प्रतिभाओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि श्रीबाला जी मंदिर के महंत पंडित नरेशपुरी महाराज, फ्रांस सीनेट के उपसभापति डोमिनिक थियोफिले, सीनेटर फ्रेडरिक बुवाल, फ्रांस में भारत के काउंसलेट जनरल प्रवीण कुमार मिश्रा एवं संस्था के अध्यक्ष पंडित सुरेश मिश्र ने सभी को सम्मानित किया। डॉ.अंजना को सम्मानित किये जाने पर बहुंचरा ग्राम प्रधान मदन सिंह, साहित्यकार निर्झर प्रतापगढ़ी, सुनील प्रभाकर, राजमूर्ति सिंह सौरभ, नागेंद्र अनुज, संजय सिंह सहित लोगों ने बधाई दी है।



पेरिस में डा0 अंजना को सम्मानित करते अतिथिगण।

# कांग्रेसियों ने विश्वनाथगंज विधान सभा में निकाली मतदाता धन्यवाद यात्रा

## जनता जनार्दन का किया गया धन्यवाद

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** मतदाता धन्यवाद यात्रा के प्रभारी डॉ0 अजय सिंह के नेतृत्व में धन्यवाद यात्रा विश्वनाथगंज विधानसभा के मान्धाता तिराहा से शुरू कर मुनीश्वर दत्त इण्टर कॉलेज, मान्धाता में समापन किया गया। आभार एवम धन्यवाद यात्रा के दौरान जिला अध्यक्ष डॉ.नीरज त्रिपाठी ने कहा कि यूपी की जनता राहुल गांधी के भारत जोड़ो न्याय यात्रा से जुड़ी, उन पर भरोसा जताया और यूपी में शानदार जीत दिलाई।

वहीं दूसरी तरफ भाजपा की करारी हार पर अभी भी कुछ लोगों को भरोसा नहीं हो रहा है स अयोध्या से भी भाजपा का हारना उनकी नाकामी और झूठ को जनता ने पहचाना है। विश्वनाथगंज विधानसभा प्रभारी डॉ.अजय सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव में प्रदेश की जनता ने भाजपा की जनविरोधी नीतियों के खिलाफ जिस तरीके से लोकतन्त्र और संविधान की रक्षा के लिए इण्डिया गठबन्धन में विश्वास व्यक्त किया है हम सभी कांग्रेस जन सातों विधानसभा में जाकर जनता जनार्दन का आभार एवम धन्यवाद व्यक्त करेंगे। धन्यवाद यात्रा में प्रमुख रूप से वरिष्ठ उपाध्यक्ष डा0वी0के0सिंह, लल्लन सिंह, सन्तोष कुमार मिश्रा, विश्वनाथगंज विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी प्रशान्त सिंह प्रिंशू, नगर पंचायत मान्धाता के पूर्व प्रत्याशी सूर्य प्रकाश शुक्ला, मुन्ना सिंह पनियारी, इंद्रानन्द तिवारी, वेद तिवारी, सभासद कुलदीप यादव, व्यापार मण्डल अध्यक्ष पिंटू केसरवानी, धर्मेन्द्र तिवारी, दिनेश मिश्रा, मासूम हैदर, राहुल मिश्रा, विनय मिश्रा, मान्धाता ब्लॉक अध्यक्ष मो0 असलम, लक्ष्मणपुर ब्लॉक अध्यक्ष बैजनाथ यादव, तरुण शुक्ला, विनोद शुक्ला, सुरेश शुक्ला, हरिकेश मिश्र, रामनेवाज, आदित्य, विवेक, दिनकर, निमर खान, सोनू हरिजन, मोनू हरिजन सहित सैकड़ों कांग्रेस जन मौजूद रहे।



मतदाता धन्यवाद यात्रा में शामिल कांग्रेस जिलाध्यक्ष।

# तापमान पहुंचा 45 डिग्री, गर्मी व लू से लोग बेहाल

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** प्रतापगढ़ में तापमान बढ़ता जा रहा है। कल मंगलवार को अधिकतम तापमान 44.5 डिग्री था जो आज बढ़कर 45 डिग्री पहुंच गया है। तेज धूप व लू चलने से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। सुबह आठ बजे के बाद और शाम सात बजे तक गर्मी का प्रचण्ड रुप दिखाई पड़ रहा है। दिन में तो जैसे आसमान से आग बरस रही है। ज्यादातर लोग अपना सिर व मुंह बांधकर निकल रहे हैं। लापरवाही बरतना लोगों को भारी पड़ रहा है। इस भीषण गर्मी से लोग बीमार पड़ रहे हैं। अस्पतालों में गैस्ट्रो के मरीजों की संख्या बढ़ गई है। घरों में लगे एसी व कूलर भी ठीक से कार्य नहीं कर रहे हैं। मौसम विभाग की मानें तो गर्मी का प्रभाव इस हफ्ते तक ऐसे ही रहेगा। आज यहां न्यूनतम तापमान 30.5 डिग्री तथा अधिकतम तापमान 45 डिग्री रिकार्ड किया गया। चिकित्सकों की राय में दिन में लोगों को घर से बाहर न निकलने की सलाह दी गई है और अधिक से अधिक पानी पीने की भी सलाह दी गई है।

## सीओ की फटकार पर बाइक चोरी का केस

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अज्ञात चोरों द्वारा पीडित की बाइक दिनदहाडे उडा ली गयी। लालगंज कोतवाली के मदनगढ़ बेलहा निवासी सिकंदर के पुत्र कल्लू की बाइक बीती उन्नीस अप्रैल को चोरी हो गयी। पीडित ने घटना की सूचना पुलिस को दिया। जांच के नाम पर कार्रवाई नही हुई तो पीडित ने सीओ से आपबीती सुनाई। सीओ के निर्देश पर मंगलवार की रात अज्ञात के खिलाफ बाइक चोरी का केस दर्ज किया गया है।

# कुण्डा के बीबीएस इंटर कालेज बरना में एनसीसी का चल रहा वार्षिक प्रशिक्षण शिविर

## 10 जून से 19 जून तक प्रशिक्षण में 390 बालक व 204 बालिकाएं ले रही भाग

**अखंड भारत संदेश**

**प्रतापगढ़।** 18यूपी बटालियन एनसीसी के तत्वावधान में कुण्डा क्षेत्र के बीबीएस इंटर कालेज बरना परिसर में एनसीसी कैडेटों के एक वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 10 जून से 19 तक किया गया है। इस शिविर में 390 बालक व 204 बालिकाएं तथा छह एनसीसी अधिकारी भाग ले रहे हैं। शिविर के दौरान सभी कैडेटों के प्रभावी प्रशिक्षण हेतु कर्नल एके सिंह कमान अधिकारी व ले0 कर्नल एलबी सिंह के नेतृत्व में 25 सैन्य कर्मचारी तत्परता के साथ लगे हुए हैं।

शिविर के दौरान सभी कैडेट शिविर स्थल पर ही निवास करते हैं तथा उनके रहने, खाने, चिकित्सा आदि की व्यवस्था की गई है। इस कैम्प के आयोजन का मुख्य उद्देश्य थल सेना दिवस/.गणतंत्र दिवस परेड 2024-25 के लिये प्रतिभाशाली कैडेटों का चयन व कैडेटों के बहुमुखी विकास हेतु उन्हें विभिन्न सैन्य विषयों जैसे ड्रिल, शस्त्र प्रशिक्षण, मैप रीडिंग, छोटे हथियारों द्वारा फायरिंग, फील्ड क्राफ्ट आदि के साथ शारीरिक प्रशिक्षण प्राथमिक शिविर के दौरान कैडेटों को दैनिक जीवन और कैरियर निर्माण में सहायक विषय का सहयोग दिया जाता है। विभिन्न सामाजिक जागरुक विषयों जैसे स्वच्छता अभियान, संचारी रोग नियंत्रण, डिजिटल इण्डिया, फिट इण्डिया आदि के बारे में भी जागरुक किया जाना है जिससे ये सभी सामाजिक उत्थान के सहभागी बन सकें। कैप्टन पवन प्रकाश द्विवेदी, ले0 माया राम, ले0 मनोज कुमार सिंह, अवधेश कुमार गुप्ता आदि लगातार सहयोग कर रहे हैं जिससे परिणामस्वरुप कैडेटों में उत्साह का माहौल हैं।



एनसीसी के वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में मौजूद एनसीसी कैडेट।

# ट्रक ने अधेड़ को रौंदा, कोहराम

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अनियंत्रित ट्रक की चपेट में आने से अधेड़ की दर्दनाक मौत हो गयी। उदयपुर थाना के अठेहा बाजार तिराहे पर मंगलवार की रात लगभग ग्यारह बजे एक ट्रक अनियंत्रित हो गयी। अमेठी की तरफ से आ रही ट्रक तेज रफ्तार के चलते तिराहे पर अनियंत्रित हो गयी। अनियंत्रित ट्रक दो घरों में टक्कर मारते हुए तीसरे घर के सामने दरवाजे पर सो रहे बाबू अली के पुत्र दिलदार अली 55 को रौंद डाला। ट्रक की चपेट में आने से दिलदार की मौके पर ही मौत हो गयी। इधर अंधेरे का लाभ लेकर चालक ट्रक खड़ी कर फरार हो गया। टक्कर की आवाज सुनकर पडोसी चीखपुकार करने लगे। सूचना मिलने पर उदयपुर पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा कराकर बुधवार की सुबह पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। पुलिस ने दुर्घटना करने वाली ट्रक को कब्जे में ले लिया है। एसओ उदयपुर राधेबाबू का कहना है कि मृतक के परिजन की तहरीर मिलने पर केस दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी। इधर दिलदार की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। वही दुर्घटना को लेकर बुधवार को अठेहा बाजार में भी शोक का माहौल दिखा।

# मानिकपुर थाना क्षेत्र मे घर के पीछे नकब लगाकर चोरी

**अखंड भारत संदेश**

**परियावां, प्रतापगढ़।** मानिकपुर थाना क्षेत्र के रामपुर गडौली कमंडीचक गांव मे मंगलवार की बीती रात अज्ञात चोरो ने दो घरो मे पीछे से नकब लगाकर नगदी सहित जेवरात व कपड़े बर्तन चुरा ले गये सुबह जब घर के परिजन लोग सो कर उठे तो अंदर का नजारा देख दंग रह गये। मालूम हो कि उक्त थाना क्षेत्र के निवासी अयोध्या प्रसाद यादव व दशरथ लाल यादव के घर के पीछे दीवार की ईंट को निकालकर अंदर घुसे अज्ञात चोरो ने 5 हजार रुपया नगदी पुराने कीमती पीतल के बर्तन व जेवरात चुरा ले गये चोरी गये सामान की कीमती लाख रुपये बताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही मानिकपुर पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़ित परिवार से घटना की बाबत जानकारी लिया।

# चौकीदार का बेटा बना अधिकारी, लोगों ने घर पहुंच कर दी बधाई

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** तहसील क्षेत्र के रत्तूपुर गांव निवासी राम कुमार मिश्र के पुत्र नवल किशोर मिश्र ने लोअर पीसीएस 2019 की परीक्षा पास कर उसका चयन अर्थ एवं सांख्यिकी विभाग में सहायक सांख्यिकी अधिकारी के पद पर हुआ है,राम कुमार नोयडा में सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करते हैं। नवल किशोर हाईस्कूल एवं इंटर की परीक्षा पट्टी के कुम्हिया से और बीकाम की परीक्षा इलाहाबाद विश्वविद्यालय से पास कर प्रयागराज शहर में रहकर पीसीएस परीक्षा की तैयारी कर रहा था,सोमवार को परिणाम आने पर स्वजन खुशी से झूम उठे, बातचीत में नवल ने इसका श्रेय अपनी मां शशी मिश्र पिता राम कुमार तथा गुरु सूरज तिवारी को दिया है।नवल किशोर के सहायक सांख्यिकी अधिकारी के पद पर चयन की जानकारी पर तमाम लोगों ने उनके घर पहुंच कर बधाई एवं शुभकामनाएं दी। पूर्व कैबिनेट मंत्री प्रो शिवाकांत ओझा,पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश त्रिपाठी, पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र प्रताप सिंह उर्फ मोती सिंह,भाजपा नेता आलोक शुक्ल चंचल, श्रीकांत तिवारी,योगेश मिश्र योगी,अवधेश तिवारी,अनिल तिवारी, कपिलेश्वर प्रताप,सौरभ सिंह,संजय पांडेय, अखिलेश पांडेय,संजय सिंह, अतुल पांडेय सहित अन्य ने खुशी जताते हुए शुभकामनाएं दी हैं।

# शोध अधिकारी बनकर अनु द्विवेदी ने क्षेत्र का नाम किया रोशन

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** अधीनस्थ चयन सेवा आयोग के द्वारा सहायक सांख्यिकीय अधिकारी के घोषित परिणाम में स्थानीय नगर स्थित अनु द्विवेदी ने सफलता हासिल कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। घोषित परिणाम में अनु का चयन सहायक शोध अधिकारी के पद पर हुआ है। अनु द्विवेदी शिक्षक संजीव द्विवेदी के छोटे भाई नवीन द्विवेदी की पत्नी हैं। अनु की कामयाबी पर शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी, नगर पंचायत अध्यक्ष अनीता द्विवेदी, स्थानीय विकास खंड के प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष संतोष मिश्र,शिवाकांत द्विवेदी, प्रभाकर दुबे, गौरी शंकर तिवारी, विकास पांडेय, इं. सुनील पाण्डेय, शशिधर तिवारी, केशव मिश्र, आदि ने प्रसन्नता जतायी है।



अनु द्विवेदी।

## नीलू सिंह बनीं सहायक सांख्यिकी अधिकारी

**पट्टी, प्रतापगढ़।** नीलू सिंह सहायक सांख्यिकी अधिकारी के पद पर चयनित होकर. गाँव का मान बढ़ाया है। नीलू सिंह परसनी गाँव के हरि शंकर सिंह की पुत्री है। बिटिया की उपलब्धि पर पिता हरिशंकर सिंह ने मिठाई बाँट कर खुशी जाहिर की। आपको बता दें की नीलू का चयन नगर एवं ग्राम नियोजन उत्तर प्रदेश लखनऊ में सहायक सांख्यिकी अधिकारी के पद पर हुआ है।

## गैंगस्टर के अभियोग में वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पुलिस अधीक्षक सतपाल अंतिल के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा निरंतर अभियान चलाकर अपराध/अपराधियों के विरूद्ध कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना आसपुर देवसरा से थानाध्यक्ष उ0नि0 संतोष कुमार सिंह मय हमराह द्वारा देखभाल क्षेत्र/चेकिंग के दौरान थाना क्षेत्र आसपुर देवसरा के आमापुर बाजार से थाना कन्धई के मु0अ0सं0 40/24 धारा 2/3 यूपी गैंगेस्टर एक्ट, में वांछित अभियुक्त खलीलुद्दीन पुत्र जानमोहम्मद नि0ग्राम गुतौली थाना कन्धई जनपद प्रतापगढ़ को गिरफ्तार किया गया।



भण्डारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु।

# हनुमान भंडारे में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**अखंड भारत संदेश**

**लालगंज, प्रतापगढ़।** क्षेत्र स्थित लखनसेनपुर गांव में हनुमान भक्तों द्वारा ज्येष्ठ माह के तीसरे मंगलवार को सुंदरकाण्ड पाठ के साथ हनुमान चालीसा का पाठ सकीर्तन किया गया।पाठ विश्राम के बाद श्रद्धालुओं ने बाल्य भोग,ब्राह्मण भोग के साथ बंदर भोग कराया। उसके बाद भण्डारे में क्षेत्र के सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।कार्यक्रम के मुख्य आयोजक उदय प्रताप सिंह ने भंडारे में आए सभी श्रद्धालुओं के प्रति आभार जताया। इस मौके पर पवन सिंह,मोनू सिंह,अभय सिंह,अरुण सिंह,रितेश सिंह समेत दर्जनों श्रद्धालुओं ने सहयोग प्रदान किया।

## अनियंत्रित टेलर पलटी, चालक व खलासी घायल

**अखंड भारत संदेश**

**पट्टी, प्रतापगढ़।** पट्टी-कोहंडौर रोड नारायणपुर गांव के समीप बुधवार की सुबह ठंडे से लदी टेलर चालक अनियंत्रित होकर पलट गई, जिससे ठंडे से भरी समान बिखर गया। और चालक व खलासी घायल हो गए। धमाके की आवाज सुनकर आस-पास के लोगों मौके पर आए और टेलर में अंदर फंसे ड्राइवर व खलासी को किसी तरह बाहर निकले और 108 एंबुलेंस की मदद से अस्पताल भिजवाया जहां पर दोनों का इलाज चल रहा है। बता दें कि नारायनपुर मार्ग स्थित भूसुंडी गांव के समीप बुधवार की सुबह पांच बजे के आस-पास एक डी टेलर ठंडा लेकर पट्टी से कोहंडौर की तरफ जा रहा था कि अचानक टेलर चालक का संतुलन खो गया और अनियंत्रित होकर पलट गई। यह सब देख आस-पास के लोग मौके पर आए उसमें फंसे चालक व खलासी को बाहर निकाला और 108 एंबुलेंस की मदद से जिला मेडिकल कॉलेज भेजा है। जहां पर दोनों का इलाज चल रहा है। समाचार लिखे जाने तक खलासी और ड्राइवर का नाम पता नहीं चल सका है।

# 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर कब्जे से 3 लाख 69 हजार रुपए नगद कार व तमंचा बरामद

## मान्यता प्राप्त पत्रकार का पुत्र लूट की घटना में आरोपी, पुलिस मुठभेड़ में हुआ घायल





**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** सैनी थाना क्षेत्र के नगिया मई गांव के पास 10 जून की शाम बाइक सवार स्टांप विक्रेता केशव प्रसाद मालवीय पुत्र स्वर्गीय पुरुषोत्तम मालवीय निवासी गांव रमसहाईपुर थाना मोहब्बतपुर पइंसा के साथ कार सवार बदमाशों द्वारा 5 लाख रुपए से अधिक की रकम लूट ली गयी थी जिसके संबंध में थाना सैनी में मुकदमा संख्या 212/ 24 धारा 392 पंजीकृत किया गया पुलिस अधीक्षक बृजेश श्रीवास्तव ने पांच टीमों का गठन कर लूट की घटना का सफल खुलासे का निर्देश दिया पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस टीम सक्रिय हुई और उन्होंने लूट की घटना में लिप्त लोगों को लूट की रकम के साथ पकड़ना शुरू कर दिया इसी क्रम में मंगलवार को रात्रि में मधवा मई गांव के पास पुलिस वाहन वाहन चेकिंग कर रही थी इसी दौरान आ रही एक मारुति 800 पुलिस को देखकर कुछ दूर पहले रुक गई तथा चालक द्वारा गाड़ी की लाइट बंद कर धीरे-धीरे पीछे किया जाने लगा संदेह होने पर पुलिस बल द्वारा टार्च की रोशनी लगाकर गाड़ी को रोका गया तथा उसमें बैठे तीन लोगों को बाहर निकाल कर पूछताछ किया गया तो उनके द्वारा अपना नाम क्रमशः मोहम्मद समीर पुत्र शमशाद निवासी गांव समदा थाना मंझनपुर गौरव त्रिपाठी पुत्र कृष्णानंद त्रिपाठी निवासी वार्ड नंबर 2 परसरा चौराहा भरवारी थाना कोखराज और बादल कुशवाहा पुत्र अजमेर सिंह उर्फ कल्लू निवासी कृष्ण नगर कस्बा व थाना करारी बताया गया तलाशी लेने पर तीनों अभियुक्तों के कब्जे से 1 लाख 95 हजार रुपए नगद दो अदद तमंचा 315 बोर व चार आदद जिंदा कारतूस पुलिस ने बरामद किया।

लूट की घटना का खुलासा करते हुए पुलिस अधीक्षक ने बताया कि उपरोक्त व्यक्तियों को पुलिस अभिरक्षा में लेकर बरामद रुपए के संबंध में कड़ाई से पूछताछ किया तब अभियुक्तों के द्वारा बताया गया कि दिनांक 10/ 6/2024 को नगिया मई गांव के पास से स्टांप विक्रेता के साथ लूट और दिनांक 30 /5 /2024 को थाना मंझनपुर क्षेत्र के कैनी गांव मोड़ के पास बैंक से रुपए लेकर जा रही महिला के साथ लूट की घटना की गई लूट से संबंधित शेष रुपए के बारे में पूछने पर अभियुक्त समीर द्वारा बताया कि गांव भडेहरी के पास जंगल में छुपा कर रुपए रखा है अभियुक्तों के द्वारा बताए जाने पर पुलिस अभियुक्त को लेकर भडेहरी गांव पहुँची जहां पर अभियुक्त बंबूल के जंगल के बीच आगे आगे चलकर गड्ढे में छुपाए हुए बैग को झुक कर उठाते हुए बैग में पहले से रखे लोडेड अवैध असलहे को निकालकर पुलिस टीम पर फायर कर दिया और रुपए से भरा बैग को लेकर अभियुक्त भागने लगा जिस पर पुलिस टीम द्वारा आत्मसमर्पण हेतु कहा गया परंतु अभियुक्त भागते हुए पुलिस पर फायर करने की कोशिश की इस पर पुलिस टीम द्वारा अपना बचाव करते हुए आत्मरक्षा के लिए फायर किया जिससे अभियुक्त समीर घायल होकर जमीन पर गिर गया पुलिस ने नजदीक जाकर देखा तो उसके दाहिने पैर से खून निकल रहा था उसे हिरासत में लेकर पुलिस ने उपचार के लिए जिला अस्पताल मंझनपुर में भर्ती कराया तथा उसके पास से एक अदद तमंचा 315 बोर और एक अदद कारतूस और खोखा 1 लाख 74 हजार नगद रुपए कुल 3 लाख 69 हजार रुपए पुलिस ने बरामद किया अभियुक्त की गिरफ्तारी करने वाली टीम को उत्साहवर्धन हेतु पुलिस अधीक्षक कौशांबी के द्वारा 25 हजार रुपए के नगद पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। लूट की घटना में शामिल अभियुक्त समीर आलम एक मान्यता प्राप्त पत्रकार का बेटा बताया जाता है पुलिस के अनुसार उसका आपराधिक इतिहास मुकदमा संख्या 85/ 19 धारा 147 /323/ 504 थाना मंझनपुर में, मुकदमा संख्या 32/ 23 धारा 354/ 354 डी, 323 /341 506 व 3(1) एस /3(2)5ए एससी /एसटी थाना मंझनपुर /मुकदमा संख्या 424 / 22 धारा 323/ 504 /504/ 384 /308 थाना मंझनपुर मुकदमा संख्या 561/ 22 धारा 323/ 504/ 506/ 341 30 8 थाना मंझनपुर में पंजीकृत है गिरफ्तार करने वाली टीम एसओजी प्रभारी उप निरीक्षक सिद्धार्थ सिंह प्रमोद कुमार विश्वकर्मा, मनोज कुमार यादव ,हेड कांस्टेबल विजय कुमार सिंह सरताज अहमद, मनीष कुमार ,विवेक कुमार यादव ,अजय यादव , विनय कुमार , मोहित कुमार ,प्रभारी निरीक्षक सैनी जयचंद कुमार शर्मा ,उप निरीक्षक धीरेंद्र सिंह,अजय कुमार, संदीप कुमार ,पंकज कुमार ,प्रभारी निरीक्षक मंझनपुर संतोष कुमार शर्मा ,उप निरीक्षक हनुमान प्रताप सिंह ,प्रदीप कुमार ,मोहम्मद आरिफ ,कांस्टेबल अंशु यादव ,कांस्टेबल अमित कुमार ने तीनों अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

### दिव्यांगजन शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अन्तर्गत करें ऑनलाइन आवेदन

**कौशाम्बी।** उ.प्र. शासन द्वारा संचालित दिव्यांगजन शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अन्तर्गत दम्पत्ति में युवक के दिव्यांग होने पर रू0-15000 तथा केवल युवती के दिव्यांग होने पर रू0-20000 एवं दोनों के दिव्यांग होने पर रू0-35000 की धनराशि निर्धारित हैं। यह जानकारी जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी विकास वर्मा ने देते हुए बताया कि शादी के समय युवक की उम्र 21 से कम तथा 45 वर्ष से अधिक न हो एवं युवती की उम्र 18 से कम तथा 45 वर्ष से अधिक नही होनी चाहिए एवं दम्पत्ति आयकर दाता न हो। मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा प्रदत्त प्रमाण पत्र के अनुसार दिव्यांगता 40 प्रतिशत या उससे अधिक होनी चाहिए। ऐसे दिव्यांग दम्पत्ति पात्र होंगे, जिनका विवाह गत वित्तीय वर्ष एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष में हुआ हो। दिव्यांग शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजना के अन्तर्गत इच्छुक दिव्यांग दम्पत्ति वर्तमान वर्ष एवं गत वित्तीय वर्ष में सम्पन्न शादी विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार के लिए वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन कर सकतें हैं। अधिक जानकारी के लिए जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण कार्यालय, कक्ष सं0-28 विकास भवन, भू- तल, विकास भवन मंझनपुर में किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क कर सकतें हैं।

# जनपद कौशाम्बी के सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र में दिनांक 12 जून से 30 जून 2024 तक धारा-144 लागू

**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** अपर जिला मजिस्ट्रेट अरूण कुमार गोंड ने अवगत कराया है कि जनपद कौशाम्बी, शान्ति-व्यवस्था की दृष्टि से अत्यन्त संवेदनशील है। दिनांक 13 जून से 20 जून 2024 तक विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आयोजित संयुक्त प्रवेश परीक्षा व 17 जून 2024 को ईदुज्जुहा (बकरीद) पर्व को सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न कराया जाना है। उन्होंने बताया कि आसन्न राजनैतिक गतिविधियों के चलते यह आशंका है कि ऐसे अवसरों पर कतिपय साम्प्रदायिक, असामाजिक, गिरोह-बन्द एवं शरारती तत्व किसी भी स्थान पर किसी भी समय छोटी-छोटी घटनाओ को लेकर साम्प्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का कुत्सित प्रयास कर सकतें हैं, जिसके चलते लोक परिशान्ति व विधि व्यवस्था एवं जनसुरक्षा प्रभावित हो सकती हैं। अपर जिला मजिस्ट्रेट ने दण्ड प्रक्रिया संहिता-1973 की धारा-144 के अन्तर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए जन जीवन एवं लोक सम्पत्ति की हानि, हिंसा व बल्वा आदि के नियंत्रण/निवारण एवं जनपद के सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र में विधि व्यवस्था व लोक परिशान्ति सहित लोक व्यवस्था व जनसुरक्षा कायम करने के उद्देश्य से निषेधाज्ञा जारी किया है। कोई भी व्यक्ति किसी भी धर्म/पंथ/सम्प्रदाय आदि के किसी भी महापुरूष, देवी-देवता आदि का प्रत्यक्ष या परोक्ष किसी भी रूप से अनादर करने का प्रयास नहीं करेगा और न ही जनसामान्य को भड़काने वाली अथवा दिग्भ्रमित करने वाली कोई अफवाह फैलायेगा कौशाम्बी की सीमा क्षेत्र में आयोजित किसी भी परीक्षा केन्द्र के 200 मी0 की परिधि में 05 या 05 से अधिक व्यक्ति एकत्रित नहीं होंगे। अपर जिला मजिस्ट्रेट ने बताया कि यह आदेश जनपद कौशाम्बी के सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र में एवं जनपद कौशाम्बी में निवास करने वाले तथा जनपद की सीमा में प्रवेश करने वाले समस्त व्यक्तियों पर दिनांक 12 जून 2024 से दिनांक 30 जून 2024 तक सम्पूर्ण जनपद में प्रभावी होगा। विशेष परिस्थितियों में इस अवधि में इन आदेशों को संशोधित, परिवर्तित अथवा समाप्त किया जा सकता है। इन आदेशों का अथवा इनके किसी भी अंश का उल्लंघन भारतीय दण्ड संहिता की धारा-188 के अन्तर्गत दण्डनीय होगा।


### तमंचा कारतूस के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार

**कौशाम्बी।** संदीपन घाट पुलिस ने अवैध तमंचा कारतूस के साथ अभियुक्त को गिरफ्तार किया है अपराध एवं अपराधियो के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना संदीपनघाट पुलिस उप निरीक्षक कामता प्रसाद मय हमराह पुलिस बल द्वारा गस्त चेकिंग के दौरान अभियुक्त शिवचन्द्र पुत्र सुरेमन निवासी दुधारा मलाक मोहिउद्दीनपुर थाना संदीपनघाट को पैगम्बरपुर चौराहा के पास से 01 तमंचा 315 बोर व 01 जिन्दा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 168/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही के पश्चात अभियुक्त को न्यायालय भेजा है।

# सांसद विधायक निधि की रकम में होता है बड़ा खेल

### महात्मा ज्योतिरराव फूले विद्याआश्रम के प्रबंधक से होगी रिकवरी

**तहसीलदार सिराथू ने जारी किया नोटिस, मचा हड़कम्प वर्ष 2013-14 में शिक्षक एमएलसी से भवन निर्माण के लिए मिला था अनुदान**



**अखंड भारत संदेश**

**कौशाम्बी।** सिराथू तहसील क्षेत्र के शीतलाधाम कड़ा स्थित महात्मा ज्योतिर्राव राव फूले विद्या आश्रम के प्रबंधक से तहसील प्रशासन जल्द ही विद्यालय भवन निर्माण के लिए शिक्षक एमएलसी द्वारा दिये गए धन की रिकवरी करेगा। इसके लिए तहसील प्रशासन ने प्रबंधक को नोटिस जारी कर दिया है।वित्तीय वर्ष 2013-14 में शीतलाधाम स्थित महात्मा ज्योतिरराव फुले विद्याश्रम के प्रबंधक वीरेंद्र बहादुर पुत्र पन्नालाल निवासी शीतलाधाम को दस लाख रुपया भवन निर्माण के लिए तत्कालीन शिक्षक एमएलसी द्वारा दिया गया था। प्रबंधक ने इस धन से भवन निर्माण न कराकर रुपया हजम कर लिया। मामले की शिकातय स्थानीय निवासी दीपनारायण ने 2018 में तहसील प्रशासन से किया था। शिकायत पर तत्कालीन लेखपाल ने इस बात की रिपोर्ट लगाया था कि कालेज में शिक्षक एमएलसी के अनुदान से कोई भी निर्माण नहीं हुआ। इसके बाद से अब तक मामला खटाई में पड़ा रहा। मामला तहसीलदार सिराथू के संज्ञान में आया तो उन्होने 27 मई को अनुदान में दिये गए दस लाख रुपये की रिकवरी का नोटिस जारी कर दिया है। नोटिस की जानकारी इलाकई लोगों को हुई तो हड़कम्प मचा हुआ है। महेंद्र कुमार श्रीवास्तव एसडीएम सिराथू ने बताया कि प्रबंधक से धन वसूली के लिए पूर्व में नोटिस जारी हुई थी। इस पर उन्होने स्टे ले लिया था। इधर बीच उनकी रिट डिसप्यूट हो गई है। मामले में उनसे गबन किये गए धन की रिकवरी करने की नोटिस तहसीलदार द्वारा जारी की गई है।

### दुबई में पदक जीतने पर सुनीता सरोज को 51 हजार रुपए नगद से सम्मानित करने की स्वीकृति

**कौशाम्बी।** मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में सम्राट उदयन सभागार मंझनपुर में जिला खेल विकास एवं प्रोत्साहन समिति की बैठक हुई बैठक में समिति के आय व्यय पर चर्चा की गयी व सुनीता सरोज को दुबई में पदक जीतने पर 51 हजार रुपए नगद धनराशि से सम्मानित करने स्वीकृत प्रदान की गई। जनपद में संचालित निजी जिमो का रजिस्ट्रेशन न कराने पर जिम संचालको नोटिस देने का निर्देश दिया गया। स्टेडियम में जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता कराने का निर्देश दिया गया। बैठक के दौरान क्षेत्रीय क्रीड़ाधिकारी प्रयागराज विमला सिंह, सहायक प्रशिक्षक रवि कुमार शर्मा, युवा कल्याण अधिकारी, समाज कल्याण अधिकारी, जिला सूचना अधिकारी, खो-खो संघ के अध्यक्ष सन्तोष सिंह बाक्सिंग संघ के अध्यक्ष वरिष्ठ खिलाड़ी राम कैलाश संदीप कुमार आदि मोजूद रहे।

# पति की प्रताड़ना से त्रस्त युवती ने किया आत्महत्या

**अखंड भारत संदेश**

**मौके पर पहुंची चौकी पुलिस ने दरवाजा तोड़कर महिला के शव को निकाला बाहर, ग्रामीणों की माने तो पति के बयान की जांच कराए जाने की जरूरत है मामला संदेहास्पद है**



**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली के नारा बलीपुर गांव में पति से झगड़े के बाद महिला ने बुधवार सुबह फांसी लगाकर जान दे दी है चौकी पुलिस की मौजूदगी में दरवाजा तोड़कर महिला का शव बाहर निकाला गया। पुलिस घटना की छानबीन कर रही है महिला की मौत की जानकारी मिलने के बाद घटनास्थल पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई है पुलिस ने मृतक महिला के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है जानकारी के मुताबिक मंझनपुर कोतवाली क्षेत्र के नारा बलीपुर निवासी दिनेश कुमार मजदूरी करता है। दिनेश ने बताया कि पत्नी ऊषा देवी 30 वर्ष अक्सर किसी ना किसी बात को लेकर लड़ाई झगड़ा करती रहती थी। बुधवार की सुबह भी मामूली बात को लेकर दोनों के बीच विवाद हुआ। इसके बाद वह गांव में ही मजदूरी करने चला गया। घर पर सात वर्षीय बेटे नीरज के साथ मौजूद ऊषा ने कमरे के अंदर चुल्ले के सहारे रस्सी से फांसी लगाकर जान दे दी। काफी देर तक ऊषा के बाहर नहीं निकलने पर बेटा नीरज रोने-बिलखने लगा। इस पर पड़ोसियों ने दरवाजा खुलवाने का प्रयास किया, लेकिन अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। सूचना के बाद नारा चौकी पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने दरवाजा तोड़वाया तो चुल्ले के सहारे फांसी पर ऊषा का शव लटक रहा था। मौका मुआयना कर शव फंदे से उतरवाने के बाद पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इंस्पेक्टर संतोष शर्मा ने बताया कि फिलहाल कोई तहरीर नहीं मिली है। घटना की छानबीन की जा रही है हालांकि ग्रामीणों की माने तो पति के बयान की जांच कराए जाने की जरूरत है मामला संदेहास्पद है।

# करंट की चपेट में आने से महिला की हुई मौत

### पशुओं के आतंक से परेशान किसान तार में विद्युत करंट दौड़कर करते हैं खेतों की फसल की सुरक्षा

**अखंड भारत संदेश**




**कौशाम्बी।** पिपरी थाना क्षेत्र के शाहपुर पेरवा गांव में पशुओं से सुरक्षा के लिए खेतों में लगाए गए विद्युत करंट के तार की चपेट में आने से एक बकरी और एक महिला की मौत हो गई है महिला की मौत के बाद थाने में मजमा लगा हुआ है लेनदेन के बहाने समझौते की बात चल रही है। जानकारी के मुताबिक संगीता देवी उम्र 40 वर्ष पत्नी महेश कुमार पाल निवासी पेरवा थाना पिपरी बुधवार को बकरी चराने खेतों की ओर गई थी उनकी बकरी चुन्ना उर्फ दुर्गेश पुत्र हरिश्चंद्र केसरवानी के केला लगे खेत मे पहुँच गयी केला की फसल की पशुओं से सुरक्षा के लिए खेत के चारों ओर किसान ने कटीली तार लगा रखा है उसी में करंट भी दौड़ा रखा है वही संगीता बकरी चरा रही थी बकरी केला के खेत की फसल में चली गई और करंट की चपेट में आ गई जिसको बचाने के लिए संगीता भी गयी जिससे संगीता भी करंट के चपेट में आ गई जिससे बकरी व संगीता की मौत हो गई ग्रामीणों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया है मृतक महिला का पति कल्याण मुंबई में रहकर मजदूरी करता है जो पैर से दिव्यांग है वहीं महिला भी एक आंख से दिव्यांग थी मृतक के दो लड़का कपिल 17 वर्ष वा लकी 15 वर्ष तथा दो लड़की खुशी पाल 20 वर्ष वा कोमल 13 वर्ष रो रो कर बेहाल है मृतक महिला के परिवार और रिश्तेदार भी थाने पहुंच गए हैं खेत मालिक से मुआवजा के नाम पर लाखों रुपए की डिमांड कर रहे हैं थाने में मजमा लगा हुआ है।

## न्यूज झरोखा

### पीड़िता के बैंक खाते से धोखाधड़ी कर निकाले गए एक लाख रुपए को कौशाम्बी पुलिस ने कराया वापस

**आवेदिका के पति ने पुलिस व साइबर थाना टीम को धन्यवाद दिया**




**कौशाम्बी।** मंझनपुर कोतवाली की पीड़िता के बैंक खाते से धोखाधड़ी कर निकाले गए धनराशि एक लाख रुपए को साइबर थाना पुलिस ने वापस कराया हैं 24 नवम्बर 2023 को आवेदिका ज्येषिका केशरवानी पत्नी अंकुर केशरवानी निवासिनी मंसूर नगर मंझनपुर द्वारा पुलिस कार्यालय मे अवगत कराया गया कि अज्ञात व्यक्ति द्वारा आवेदिका के बैंक अकाउण्ट से धोखाधड़ी कर 1,00,000/- रुपये ट्रान्सफर कर लिये हैं, जिसके सम्बन्ध में थाना मंझनपुर पर मु0अ0सं0 446/23 धारा 66 डी आईटी एक्ट पंजीकृत किया गया था। जिसमें साइबर थाना को आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया इस क्रम में साइबर थाना पुलिस द्वारा कुशलता व सक्रियता से कार्यवाही करते हुये दिनांक 12.06.24 को आवेदिका ज्येषिका केशरवानी के अकाउण्ट से ट्रान्सफर कराई गई सम्पूर्ण धनराशि एक लाख रुपए आवेदिका के खाते में वापस कराया गया। धनराशि वापस होने पर आवेदिका के पति द्वारा पुलिस कार्यालय में उपस्थित होकर कौशाम्बी पुलिस व साइबर थाना टीम को धन्यवाद दिया गया।

### सोता रहा परिवार, घर के पीछे नकब लगाकर हजारों की चोरी




**अझुवा कौशांबी।** सैनी कोतवाली के ग्राम सभा केन के मजरे कैथन बाग में एक घर को चोरों ने निशाना बनाया सेंध काटकर नकदी सहित जेवर लेकर फरार हो गए हैं। जानकारी के अनुसार मोहम्मद जावेद पुत्र मकुन निवासी ग्राम सभा केन के मजरे कैथन बाग में सपरिवार रहते हैं जावेद के मुताबिक बीती रात खाना खा पीकर परिजनों के साथ आंगन में सो गया अज्ञात बदमाशों ने घर के पीछे सेंध काटकर बक्से में रखा छागल,सोने का मंगल सूत्र 3 जोड़ी चांदी की तोडिया और बक्से में रखा 5 हजार लेकर चंपत हो गए सुबह जब जावेद की पत्नी ने बिखरा सामान देखा तो होश उड़ गए महिला के शोर पर परिजनों और ग्रामीणों की भीड़ लग गई ।जावेद ने चौकी पुलिस को चोरी की तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है वहीं चौकी पुलिस चोरों की तलाश में जुट गई है।

### गोदाम में लगी आग लाखो का नुकसान

**कौशाम्बी।** करारी थाना क्षेत्र के पिपरकुंडी निवासी विहिप नेता राम अभिलाष मौर्य के भाई मलखान के दरियापुर चौराहे की गोदाम में मंगलवार की आधी रात आग लग गयी तेज लपट देख मौके पर लोगो की भीड़ जमा हो गयी फायर बिग्रेड और पुलिस को सूचना दी गयी घण्टो बाद आग पर काबू पाया गया चार पहिया वाहन थ्रेसर पालिसर समेत लाखों का सामान जलकर राख हो गया है सूचना पुलिस को दी गयी है।

# सीएम डैश बोर्ड पर प्रदर्शित योजनाओं इंडीकेटर्स की प्रगति की डीएम ने की विस्तृत समीक्षा

### विभागीय लक्ष्य के सापेक्ष कार्ययोजना बनाकर शत-प्रतिशत प्रगति सुनश्चित करने के निर्देश

**अखंड भारत संदेश**






**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी राजेश कुमार राय द्वारा उदयन सभागार में सम्बन्धित अधिकारियों के साथ सीएम डैश बोर्ड पर प्रदर्शित योजनाओं/ इंडीकेट्र्स की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई बैठक में जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को प्रतिदिन मॉनीटरिंग करते हुए सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित अपने विभागीय योजनाओ इंडीकेटर्स में शत-प्रतिशत प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्होंने सभी अधिकारियों को विकास कार्यों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध पूर्ण कराने तथा विभागीय लक्ष्य के सापेक्ष कार्ययोजना बनाकर शत-प्रतिशत प्रगति सुनश्चित करने के निर्देश दियें। उन्होंने सभी अधिकारियों को आईजीआरएस के अन्तर्गत प्राप्त शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध सुनिश्चित करने के निर्देश देते हुए कहा कि शिकायतों के निस्तारण में गुणवत्ता न पाये जाने पर सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही की जायेंगी। उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत को निर्धारित समयावधि में खराब ट्रान्सफार्मर को बदलवाने, विद्युत बिल से सम्बन्धित प्राप्त शिकायतो का निस्तारण एवं अनावश्यक विद्युत कटौती न हो, सुनिश्चित करने के निर्देश दियें। इसके साथ ही उन्होंने अधिशासी अभियंता विद्युत को विद्युत के लटक रहें तारों/ पोल को ठीक कराने के निर्देश दियें, ताकि ऑधी के कारण विद्युत से जनहानि की कोई घटना न होने पाये। उन्होंने सम्बन्धित अधिकारियों को दिव्यांग पेशन, विधवा पेंशन एवं वृद्धा पेंशन तथा कन्या सुमंगला योजना के अन्तर्गत प्राप्त आवेदनों का सत्यापन कराकर पात्र लाभार्थियों को लाभान्वित करने के निर्देश दियें। उन्हांने अमृत सरोवरों के इनलेट/ आउटलेट में एक सप्ताह के अन्दर सुधार लाने के भी निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने जल-जीवन मिशन के अन्तर्गत किये जा रहें कार्यों की विस्तृत समीक्षा के दौरान पानी की टंकी आदि कार्यों में धीमी प्रगति पाये जाने पर नाराजगी प्रकट करते हुए अधिशासी अभियंता जल निगम को जल जीवन मिशन के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश देते हुए कहा कि पाइप लाइन बिछाने के दौरान तोड़ी गई सड़क को मानक के अनुसार समय से ठीक करवाया जाय। उन्हांने सामाजिक वनीकरण की समीक्षा के दौरान अधिकारियों को निर्देशित किया कि लक्ष्य के सापेक्ष वृक्षारोपण के लिए सभी कार्यवाही समय से सुनिश्चित कर लिया जाय। उन्हांने मुख्य पशु चिकित्साधिकारी को गौशालावार पशु चिकित्साधिकारियों को नोडल नामित करने के निर्देश दियें, पशु चिकित्साधिकारी नियमित रूप से गौशालाओं का निरीक्षण कर सभी आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित रखेंगे। जिलाधिकारी द्वारा पीएम कुसुम योजना, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, मनरेगा, शादी अनुदान योजना, प्रधानमंत्री मत्स्य सम्पदा योजना, ओडीओपी, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना एवं प्रोजेक्ट अलंकार आदि योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा कर सम्बन्धित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दियें। बैठक में अधिशासी अभियंता, सिंचाई ने बताया कि सभी 46 स्थानों पर पानी टेल तक पहुॅच गया है, जिस पर जिलाधिकारी ने सत्यापन कराने के निर्देश दियें। बैठक में सीडीओ डॉ. रवि किशोर त्रिवेदी, सीएमओ डॉ. सुष्पेन्द्र कुमार, प्रभागीय वनाधिकारी आरएस यादव एवं जिला अर्थ एवं संख्याधिकारी अजीत प्रताप सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## संपादक की कलम से

### निरंतरता, अनुभव और उत्साह का संगम है केंद्रीय मंत्रिमंडल

केंद्र सरकार का नया मंत्रिमंडल निरंतरता की गवाही देता है। यह बात बताती है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को अपनी टीम पर भरोसा कायम है। प्रमुख विभागों में अपनी आजमाई जा चुकी टीम को मौका देकर मोदी ने बहुत गंभीर संदेश दिए हैं। मंत्रिमंडल में अनुभव, उत्साह और नवाचारी विचारों के वाहक नायकों को जगह मिली है।

**अनुभवी सरकार:**
यह मंत्रिमंडल गहरी राजनीतिक सूझबूझ वाले नायकों से संयुक्त है। लंबे समय तक राज्य सरकारों को चलाने वाले 7 पूर्व मुख्यमंत्री इस सरकार में शामिल हैं। कैबिनेट में नरेंद्र मोदी सहित सात पूर्व मुख्यमंत्री शामिल हैं। जिनमें मोदी खुद गुजरात के मुख्यमंत्री रहे हैं। इसके अलावा राजनाथ सिंह (उप्र), शिवराज सिंह चौहान (मप्र), जीतनराम मांझी (बिहार), एचडी कुमारस्वामी (कर्नाटक), मनोहरलाल खट्टर(हरियाणा), सवार्नंद सोनोवाल (असम) मुख्यमंत्री रहे हैं। भारत सरकार के विदेश सचिव और पिछली सरकार में विदेश मंत्री रह चुके एस.जयशंकर अपने क्षेत्र के दिग्गज हैं। आईएएस अधिकारी रहे अश्विनी वैष्णव अटलबिहारी वाजपेयी सरकार में उनके सचिव रहे,विविध अनुभव संपन्न वैष्णव सरकार में नवाचारों के वाहक हैं। पिछली सरकार उनके प्रदर्शन की गवाही है। इसी क्रम में नौकरशाह रहे हरदीप सिंह पुरी सरकार की शक्ति हैं। नितिन गडकरी का महाराष्ट्र सरकार से लेकर अब केंद्र में 10 साल का कार्यकाल सबकी नजर में है। देश में हुई परिवहन और सड़क क्रांति के वे वाहक हैं। वे केंद्र में सबसे लंबे समय तक परिवहन मंत्री रहने का रिकार्ड बना चुके हैं।

भाजपा के पास अनुभवी मंत्रियों की टीम सरकार के संकल्पों की वाहक बनेगी, इसमें दो राय नहीं। धर्मेंद्र प्रधान, पीयूष गोयल, प्रहलाद जोशी,किरण रिजिजू, भूपेंद्र यादव,जोएल ओराम, गजेंद्र सिंह शेखावत, डा.वीरेंद्र कुमार , ज्योतिरादित्य सिंधिया अपने विभिन्न क्षेत्रों में प्रभावी हस्ताक्षर बन चुके हैं। सरकार के विभिन्न मंत्रालयों के प्रभावी संचालन का रिकार्ड इनके नाम है।

**सरकार के संकटमोचक:**
केंद्रीय मंत्रिमंडल में राजनाथ सिंह और अमित शाह इस सरकार के संकटमोचक हैं। राजनाथ सिंह के साथ जहां सहयोगी दलों का शानदार संवाद है, वहीं अमित शाह अपने कुशल राजनीतिक प्रबंधन के लिए जाने जाते हैं। इस सरकार में सहयोगी दलों के 11 मंत्री हैं। जबकि 2014 में 5 और 2019 में सहयोगी दलों के 4 मंत्री शामिल थे। यह संख्या अभी और बढ़ सकती है। ऐसे में सरकार में कुशल प्रबंधन की जरूरत हमेशा बनी रहेगी। आने वाले समय में महाराष्ट्र, हरियाणा और झारखंड के चुनाव भी होने हैं। यही इस सरकार का पहला सार्वजनिक टेस्ट भी है।

मंत्रिमंडल में प्रतिबद्धता, निरंतरता और वरिष्ठता का ख्याल रखते हुए भी युवाओं को खास मौके दिए गए हैं। इसके साथ ही यह अखिल भारतीय चरित्र की सरकार भी है, केरल, तमिलनाडु से लेकर जम्मू कश्मीर तक का प्रतिनिधित्व इस सरकार में है। पांच अल्पसंख्यक समुदायों से भी सरकार में मंत्री बने हैं। साथ ही सामाजिक समरसता की दृष्टि से यह समावेशी सरकार कही जा सकती है। अभी तक की स्थितियों को देखते हुए यह कहा जा सकता है कि सुशासन को लेकर सरकार पर कोई दबाव नहीं है। लेकिन समान नागरिक संहिता, मुस्लिम आरक्षण, जातीय जनगणना, राज्यों को विशेष दर्जा जैसे मुद्दे मतभेद का कारण जरूर बनेंगे। प्रधानमंत्री के कद और उनकी छवि जरूर इन साधारण प्रश्नों से बड़ी है। सरकार के प्रबंधक इन मुद्दों से कैसे जूझते हैं,यह बड़ा सवाल है। सहयोगी दलों के साथ संतुलन और उनकी महत्ता बनाए रखते हुए चलना सरकार की जरूरत हमेशा बनी रहेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जिस तरह अपने अभिभावकत्व और नेतृत्व से एनडीए को संभालते हुए काम प्रारंभ किया है। वे आसानी से साधारण विवादों का हल भी निकाल ही लेंगे।

## मजबूरी का नाम एनडीए

**- राजेंद्र शर्मा**

यह किसी से छुपा हुआ नहीं था कि यह चुनाव, भारत का अब तक का सबसे नाबराबरी का चुनाव था। यह एक ऐसा चुनाव था जिसमें बराबरी के मुकाबले की यह न्यूनतम से न्यूनतम शर्त भी पूरी नहीं हो रही थी कि चुनाव आयोग, जिस पर स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव कराने का दायित्व था, कम से कम निष्पक्ष दिखाई देने की कोशिश करेगा। बेशक, 9 जून की शाम को राष्ट्रपति भवन के कोर्टयार्ड में पूरे बहत्तर सदस्यों के जंबो मंत्रिमंडल के शपथ ग्रहण के साथ, नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की तीसरी पारी शुरू हो गयी है। लेकिन, यह तीसरी पारी कितनी असामान्य होने जा रही है, इसका अंदाजा एक इसी तथ्य से लगाया जा सकता है कि इस चुनाव में कौन जीता है और कौन हारा है, इसके विवाद पर सरकार के शपथग्रहण के बावजूद, संतोषजनक तरीके से विराम नहीं लग पाया है। इसमें शक नहीं कि 4 जून को देर शाम 18वीं लोकसभा के चुनाव की मतगणना लगभग पूरी होने तक, जब इंडिया गठबंधन की गिनती 240 पर रुक गयी और दूसरी ओर भाजपा और उसके 2024 के चुनाव के सहयोगियों की गिनती बहुमत के 272 के आंकड़े को पार कर 290 पर पहुंच गयी, तभी इतना तो सभी यथार्थवादी प्रेक्षकों के सामने साफ हो गया था कि नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ जरूर लेंगे। यह इसके बावजूद था कि कुल मिलाकर इस चुनाव में जिस तरह का जनादेश आया है, उसे देखते हुए खुद संघ-भाजपा के समर्थकों के भी एक हिस्से को यह मानने में हिचक थी कि इस चुनाव का फैसला, नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार के जारी रहने के पक्ष में है। 2024 के चुनाव से निकली लोकसभा सदस्यों की गिनती बेशक, भाजपा और उसके सहयोगियों के मिलकर सरकार बनाने का रास्ता बनाती थी, लेकिन इस चुनाव का जनादेश कुछ और ही कह रहा था। यह किसी से छुपा हुआ नहीं था कि यह चुनाव, भारत का अब तक का सबसे नाबराबरी का चुनाव था। यह एक ऐसा चुनाव था जिसमें बराबरी के मुकाबले की यह न्यूनतम से न्यूनतम शर्त भी पूरी नहीं हो रही थी कि चुनाव आयोग, जिस पर स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव कराने का दायित्व था, कम से कम निष्पक्ष दिखाई देने की कोशिश करेगा। इसका नतीजा यह हुआ कि एक ओर सत्ताधारी पार्टी, चुनावी मुकाबले में विपक्ष को पंगु करने के लिए, शासन के सभी दमनकारी साधनों का खुलेआम इस्तेमाल करते हुए, जिसमें विपक्षी मुख्यमंत्रियों को जेल में डालने से लेकर विपक्षी पार्टियों के खाते जाम करना तक शामिल था, निष्पक्षता की धज्जियां उड़ा रही थी। तो दूसरी ओर सत्ताधारी पार्टी को अपने शीर्ष नेताओं से लेकर नीचे तक, विपक्ष के खिलाफ सरासर झूठे और सांप्रदायिक प्रचार को हथियार बनाने के जरिए, जनता के जानकारी पर आधारित चुनाव करने के अधिकार की जड़ें ही काटने की खुली छूट मिली हुई थी। इसके ऊपर से सत्ताधारी पार्टी को मुख्यधारा के मीडिया को न सिर्फ पैसे तथा मीडिया धन्नासेठों के समर्थन के बल पर अपने लिए छेक लेने का बल्कि तरह-तरह के सर्वेक्षणों के जरिए उसे मारक हथियार बनाने का और कुल मिलाकर बेशुमार पैसा बहाने तथा विपक्ष के संसाधनों के सारे स्त्रोत सुखाने का भी, मौका मिला हुआ था। इसके बावजूद, इस चुनाव में जनता ने जो फैसला सुनाया था, साफ तौर पर भाजपा के खिलाफ था। बेशक, चार सौ पार के जो दावे सत्तापक्ष और उसके मीडिया में छाए प्रचारकों द्वारा विधिवत चुनाव प्रचार शुरू होने से महीनों पहले से शुरू कर, एक्जिट पोलों तक के जरिए किए जा रहे थे, उन सबके सामने, सत्ताधारी भाजपा का 240 के आंकड़े पर और सहयोगियों को भी जोड़कर, 292 के आंकड़े पर अटक जाना भी, किसी हार से कम नहीं था। लेकिन, बात सिर्फ इतनी ही नहीं थी। इससे बड़ी बात यह थी कि जहां अकेले भाजपा के 370 पार और संगियों के साथ मिलकर चार सौ पार जाने का दम भरा जा रहा था, जब नतीजे आए भाजपा खुद 240 सीटों पर सिमट गयी और सहयोगियों के साथ मिलकर मुश्किल से बहुमत का आंकड़ा पार कर पायी।

# बालश्रम की बेड़ियों में बचपन

**- अरविंद जयतिलक**
**(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)**



यह चिंताजनक है कि देश में सख्त बाल कानून होने के बावजूद भी बाल अधिकारों का उलंघन निरंतर बढ़ता जा रहा है। हर रोज राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग में बाल अधिकारों के उलंघन की शिकायतें दर्ज हो रही हैं। इसमें से ज्यादतर शिकायतें बच्चों के यौन उत्पीड़न, बाल मजदूरी और उनकी तस्करी से जुड़ी हैं। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग भी स्वीकार चुका है कि उसके पास बाल श्रम के हजारों मामले दर्ज हैं। ऐसा नहीं है कि बच्चों के संरक्षण एवं उनके अधिकारों की सुरक्षा के लिए कानून नहीं है।

गौर करें तो देश का संविधान बच्चों के संरक्षण और एवं अधिकारों की रक्षा के लिए ढेर सारे कानून गढ़ रखा है। संविधान के अनुच्छेद 15 (3) राज्य को बच्चों एवं महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए अधिकार देता है। अनुच्छेद 21 (ए) राज्य को 6 से 14 वर्ष के बच्चों के लिए अनिवार्य तथा मुफ्त शिक्षा देना कानूनी रुप से बाध्यकारी है। अनुच्छेद 24 में बालश्रम को प्रतिबंधित तथा गैर कानूनी कहा गया है। अनुच्छेद 39 (ई) बच्चों के रक्षा व स्वास्थ्य की व्यवस्था करने के लिए राज्य कानूनी रुप से बाध्य है। इसी तरह 39 (एफ) के मुताबिक बच्चों को गरिमामय विकास के लिए आवश्यक सुविधा उपलब्ध कराना राज्य की नैतिक जिम्मेदारी है। इसके अलावा भारतीय संविधान के अनुच्छेद 23 और 24 में स्पष्ट व्यवस्था है कि मानव तस्करी व बलात श्रम के अलावा 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों को कारखानें और जोखिम भरे कार्यों में नहीं लगाया जा सकता। 1976 का बंधुआ मजदूरी उन्मूलन एक्ट भी बच्चों को संरक्षण प्रदान करता है।

भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा 16 खतरनाक व्यवसायों एवं 65 खतरनाक प्रक्रियाओं में 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों को रोजगार देने पर रोक लगाया गया है। गत वर्ष पहले केंद्र सरकार ने बाल श्रम कानून में भारी बदलाव के जरिए कौशल विकास को बढ़ावा देने, रोजगार के अवसर सृजित करने और कारोबार के अनुकूल माहौल निर्मित करने की दिशा में पहल करते हुए बाल श्रम (प्रतिबंध और नियमन) संशोधन विधेयक 2012 को मंजूरी दी। इसके लिए सरकार ने प्रस्तावित बाल श्रम विधेयक 2012 के संशोधनों के जरिए बाल श्रम अधिनियम 1996 में प्रमुख बदलाव किया जिसके जरिए 14 से 18 वर्ष के उम्र के बच्चों के काम की नई परिभाषा तय की गयी और दूसरा बच्चों से खतरनाक कामों और प्रक्रियाओं में काम कराना प्रतिबंधित किया गया।

कानून का उलंघन रोकने के लिए नियोक्ताओं के खिलाफ कड़े दंड का प्रावधान किया गया। इस कानून के मुताबिक अगर कोई पहली बार कानून का उलंघन करता है तो उसे छह महीने की कैद होगी और इस सजा को दो साल तक बढ़ाया जा सकेगा। इसके अलावा 20 हजार से 50 हजार रुपए तक के जूमार्ने का भी प्रावधान है। कोई नियोक्ता बच्चों का शोषण न कर सके इसके लिए प्रतिबंध की आयु को मुक्त अनिवार्य शिक्षा कानून, 2009 के तहत जोड़ दिया गया। यह भी सुनिश्चित किया गया कि शिक्षा के समय के उपरांत बच्चा विज्ञापन, फिल्म टेलीविजन धारावाहिकों या किसी मनोरंजन या किसी खेल गतिविधियों में काम कर सकता है। कानून गढ़ते वक्त सामाजिक-आर्थिक परिस्थितियों का भरपूर ध्यान रखा गया है।

इसलिए कि देश में बड़े पैमाने पर बच्चे कृषि कार्य एवं कारीगरी में अपनी माता-पिता की मदद करते हैं। साथ ही उनसे काम भी सीखते हैं। लेकिन सच्चाई यह है कि इस कड़े कानून के बावजूद भी बच्चों का शोषण थम नहीं रहा। छोटे-छोटे दुकानों से लेकर बड़े-बड़े मॉल तक उन्हें काम करते देखा जा सकता है। यही नहीं देश में बड़े पैमाने पर बच्चों की तस्करी भी हो रही है। आए दिन बच्चों के लापता होने की खबरें सूर्खियां बनती हैं।

एक आंकड़े के मुताबिक देश में प्रतिदिन एक दर्जन से अधिक बच्चे लापता होते हैं। गत वर्ष पहले राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग ने कहा था कि देश में हर साल चालीस हजार से अधिक बच्चे गुम होते हैं। यह स्थिति तब है जब मंत्रालय द्वारा लापता बच्चों को ढुंढ़ने के लिए ह्यट्रैक चाइल्डह्ण और ह्यखोया-पायाह्ण पोर्टल चलाया जा रहा है। स्वयंसेवी संगठनों का मानना है कि इन लापता बच्चों का इस्तेमाल बाल श्रमिक के रुप में किया जा रहा है। बच्चों को नौकरी की लालच देकर भी उन्हें बड़े-बड़े महानगरों में काम करने के लिए ढ़केला जा रहा है। विडंबना यह भी कि इन लापता बच्चों का इस्तेमाल सिर्फ बाल श्रमिक के रुप में ही नहीं बल्कि वेश्यावृत्ति, पोर्नोग्राफी जैसे घृणित कार्यों में भी हो रहा है। एक जिम्मेदार राष्ट्र और संवेदनशील समाज के लिए यह स्थिति शर्मनाक है।

आंकड़े बताते है कि भारत 14 साल से कम उम्र के सबसे ज्यादा बाल श्रमिकों वाला देश बन चुका है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन के मुताबिक दुनिया भर में तकरीबन बीस करोड़ से अधिक बच्चे जोखिम भरे कार्य करते हैं और उनमें सर्वाधिक संख्या भारतीय बच्चों की है। संयुक्त राष्ट्र की संस्था यूनिसेफ के मुताबिक विश्व में करीब दस करोड़ से अधिक 14 वर्ष से कम उम्र की लड़कियां विभिन्न खतरनाक उद्योग-धंधों में काम कर रही हैं। देश की राजधानी दिल्ली में ही लाखों बच्चे श्रमिक, घरेलू नौकर और भिखारी के रुप में कार्य करते हैं। लेकिन आश्चर्य कि इसे रोकने के बजाए सिस्टम नींद की गोलियां लेकर सो रहा है और मनमानी करने वाले आजाद हैं। गुनाहगारों के साथ कानून कड़ाई से काम नहीं कर रहा है। याद होगा गत वर्ष पहले दिल्ली उच्च न्यायालय ने बाल मजदूरी को लेकर सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए सरकार, दिल्ली पुलिस और श्रम विभाग को ताकीद किया कि बाल मजदूरी से जुड़ी शिकायतों पर 24 घंटे के भीतर कार्रवाई हो और बचाए गए बच्चों को मुआवजा देने और उनके पुनर्वास का काम 45 दिनों में सुनिश्चित हो। अच्छी बात है कि इस दिशा में पहल हो रही है। आशंका यह भी है कि माफिया तत्व सुनियोजित तरीके से बच्चों का इस्तेमाल हथियारों की तस्करी और मादक पदार्थों की सप्लाई में भी कर सकते हैं। अगर ऐसा हुआ तो यह भारत के लिए खतरनाक होगा।

बाल मनोवैज्ञानिकों का मानना है कि इससे बच्चों का बालमन पर बुरा असर पड़ेगा और उनमें नशाखोरी और आपराधिक भावना की प्रवृत्ति बढ़ेगी। अच्छी बात यह है कि बालश्रम के खिलाफ स्वयंसेवी संस्थाएं जनजागरुकता कार्यक्रम के जरिए रचनात्मक पहल कर रही हैं। इस दिशा में नोबल शांति पुरस्कार विजेता कैलाश सत्यार्थी और उनकी संस्था बधाई की पात्र है।

उल्लेखनीय है कि कैलाश सत्यार्थी ने दुनिया भर से बाल मजदूरी खत्म कराने के लिए 17 जनवरी 1998 को मनीला से ह्यग्लोबल मार्च अगेंस्ट चाइल्ड लेबरह्ण का आगाज किया था। यह मार्च तकरीबन 5 महीने के दरम्यान 80 हजार किमी का सफर तय किया। यह बालश्रम के खिलाफ विश्व की सबसे बड़ी जागरुकता यात्रा थी। इस ग्लोबल मार्च में तकरीबन सैकड़ों देशों के राष्ट्राध्यक्ष, पूर्व राष्ट्राध्यक्ष एवं राजा-रानी ने भागीदारी की थी। 6 जून, 1998 को इस यात्रा का समापन अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन यानी आईएलओ के जेनेवा स्थित मुख्यालय पर हुआ। इस अवसर पर कैलाश सत्यार्थी का आईएलओ में ऐतिहासिक संबोधन हुआ। उन्होंने अपने सारगर्भित संबोधन के जरिए बालश्रम के खिलाफ अंतर्राष्ट्रीय कानून बनाने की मांग की। उनकी पहल का नतीजा रहा कि 17 जून, 1999 को आईएलओ ने बाल श्रम और बाल दासता के खिलाफ सर्वसम्मति से कनवेंशन-182 कानून पारित कर दिया। इस अंतर्राष्ट्रीय संधि पर भारत समेत दुनिया के 187 देश हस्ताक्षर कर चुके हैं। शानदार तथ्य यह कि संयुक्त राष्ट्र संघ ने कैलाश सत्यार्थी की दूसरी मांग भी वर्ष 2002 में मान ली और 12 जून को अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस के रुप में मनान की घोषणा कर दी। आज जरुरत इस बात की है कि केंद्र व राज्य सरकारें बच्चों के शोषण के विरुद्ध न सिर्फ कड़े कानून बनाएं बल्कि उसका पालन कराने के लिए भी ठोस पहल करें। साथ ही समाज की भी जिम्मेदारी है कि वह बच्चों का शोषण रोकने के लिए आगे आएं। इसलिए कि बच्चों का शोषण रोकने की जिम्मेदारी सिर्फ सरकार की ही नहीं समाज की भी है।

## अब भी बरकरार है हर पुराना खतरा

**@ राकेश अचल**

देश में आम चुनाव हो गए । गठबंधन की नयी सरकार बन गयी। विभागों का वितरण भी हो गया। छत्तीसगढ़ में हिंसा भी हो गयी, और सबसे बड़ी बात की जिस मणिपुर की हिंसा पर प्रधानमंत्री आजतक नहीं बोले उसके बारे में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के अधिनायक डॉ मोहन भागवत भी बोल गए। इस सबके बावजूद असली बात ये है कि चुनाव से पूर्व देश जिन खतरों का समान कर रहा था, वे सब आज भी बरकरार हैं।

आप गौर से देखें तो ये नई सरकार अल्पमत की और गठबंधन की सरकार जरूर हैं लेकिन इसका केवल नाम बदला हैं, काम नही। नई सरकार के हाथों में आज भी वे सब हथियार और सिपाहसालार हैं जो चुनाव से पहले आपके मंगलसूत्र के लिए खतरा बता रहे थे। आपकी भैंस खोले जाने का हौवा खड़ा कर रहे थे। हिन्दू-मुसलमान और धर्म के आधार पर आरक्षण को रोकने की बात कर रहे थे। यानि हौवा भी मौजूद हैं और हौवा खड़े करने वाले भी।

गठबंधन कि सरकार में ईडी और सीबीआई जैसे हिंसक चौपाये अभी भी गठबंधन कि अगुवाई कर रही भाजपा के पास हैं। यानि विपक्ष को कुचलने और परेशान करने के सारे औजार भाजपा ने अपने हाथों में रखे है। सहयोगी दलों को उन्हें छूने भी नहीं दिया, क्योंकि मुमकिन हैं कि आने वाले कल में इन हथियारों का इस्तेमाल भाजपा को अपने गठबंधन के साथियों के खिलाफ ही करना पड़े ! अतीत में भाजपा ने ऐसा किया भी हैं।


माननीय प्रधानमंत्री जी ने जिस हिकमत अमली से नए मंत्रियों को विभागों का वितरण किया हैं उससे साफ जाहिर हैं कि उनकी निगाहें कहीं और निशाना कहीं और हैं। माननीय का देश को कांग्रेस विहीन करने का सपना अभी मरा नहीं हैं बल्कि शीतनिन्द्रा में चला गया हैं। जैसे ही आने वाले दिनों में महाराष्ट्र, जम्मू-कश्मीर और हरियाणा जैसे राज्यों के विधानसभा चुनावों कि घोषणा होगी इस सरकार के छिपे हुए नाखून फिर से बाहर निकल आएंगे। आपको पता हैं न कि नाखून छिपाने की कला केवल हिंसक प्रवृत्ति के जानवरों में होती हैं, भले ही वे जंगली जानवर हों या पालतू।

आपको भूलना नहीं चाहिए कि भाजपा 365 दिन, 24 घंटे चुनावी मोड में रहने वाली पार्टी हैं। इसलिए ये पार्टी अपना 2029 और 2047 तक का सपना पूरा करने के लिए आने वाले दिनों में क्या कुछ करेगी, कहना कठिन हैं। मै तो मश्विरा दूंगा कि नयी सरकार में इतने सारे विभागों के साथ एक पृथक विभाग चुनावों का होना चाहिये। इसका प्रभार माननीय प्रधानमंत्री खुद अपने पास रखें। इस विभाग के लिए बजट के साथ ही 'चुनाव केयर फंड' भी बनाया जाना चाहिए 'प्रधानमंत्री केयर फंड' की तरह। इस तरह के फंड का कोई हिसाब-किताब न रखना पड़ता हैं और न देना पड़ता हैं। और यदि गिरीश मुर्मू जैसा सीएजी हो तो इसकी जांच भी कोई नहीं कर सकता।

बहरहाल बात चल रही थी उन खतरों की जो बरकरार है। पहला खतरा संविधान पर ही हैं। माननीय ने भले ही संसदीय दल, गठबंधन और सदन का नेता चुने जाने से पहले संविधान की प्रति को माथे से लगाया था लेकिन देश में शायद ही किसी को इस बात पर यकीन हो कि नयी सरकार संविधान की कसम खाकर सबके साथ सबका विकास करेगी। नई सरकार में देश कि 20 करोड़ की मुस्लिम आबादी का कोई प्रतिनिधि नहीं है। माननीय राष्ट्रपति चाहें भी तो इस समाज के किसी प्रतिनिधि को सदन में नामजद कर उसे मंत्री बनाने के लिए भी नहीं कह सकतीं। उनके हाथ बंधे हैं। यानी भाजपा हिन्दू राष्ट्र तो नहीं बना सकी लेकिन उसने देश को एक हिन्दू सरकार जरूर दे दी, जिसमें भाजपा की दुश्मन नंबर दो मुसलमान बिरादरी नहीं है। भाजपा की दुश्मन नंबर एक तो कांग्रेस हैं, जो बीते दस साल में मर कर भी नहीं मर रही। हर चुनाव के बाद दोगुने उत्साह से खड़ी हो जाती है। भले ही सत्ता उसके लिए अभी भी कोसों दूर हैं।

## यूपी में फेल हो गया 'जो राम को लाए हैं, हम उनको लाएंगे'

**जानकी शरण द्विवेदी**




18वीं लोकसभा के लिए हुए चुनाव की तस्वीर लगभग साफ हो चुकी है। राज्य की 80 लोकसभा सीटों के चुनाव नतीजे या तो घोषित किए जा चुके हैं अथवा घोषित किए जाने की तरफ अग्रसर हैं। उत्तर प्रदेश में भाजपा को भारी नुकसान हुआ है। राजग गठबंधन 35 सीटों पर आगे है, जबकि इंडी गठबंधन 44 सीटों के साथ जीत की तरफ अग्रसर है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश की एक अन्य सीट नगीना से आजाद समाज पार्टी के चंद्रशेखर आजाद रावण ने जीत हासिल की है। बहुजन समाज पार्टी एक बार फिर 2014 की तरह शून्य पर सिमट गई। इन चुनाव नतीजों को यदि पार्टीवार देखा जाय तो राजग गठबंधन की भाजपा को 33, रालोद को 02, अपना दल को 01 तथा कांग्रेस को 06 व समाजवादी पार्टी को 37 सीटें मिल रही हैं।

10 वर्ष तक ह्यसबका साथ, सबका विकासह्ण का माला जपने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राज्य में दो चरणों के चुनाव के बाद जिस प्रकार से खुलकर हिंदू मुसलमान पर बोलना शुरू किया था, उससे लग गया था कि राज्य में भाजपा को नुकसान हो रहा है, किंतु उप्र में भाजपा की इतनी दुगर्ति होगी, इसकी उम्मीद उसके बड़े नेताओं को भी नहीं रही होगी। अप्रत्यक्ष रूप से भाजपा की मदद करने वाली बहुजन समाज पार्टी एक बार फिर 10 साल पहले की स्थिति में पहुंच गई, किंतु वह चाहकर भी अपना मतदाताओं को भाजपा की तरफ मोड़ नहीं सका। हालांकि चुनाव नतीजों से यह बात पूरी तरह से साफ हो चुकी है कि बसपा का परंपरागत वोट उसके साथ नहीं रहा क्योंकि किसी भी सीट पर पार्टी को सम्मानजनक मत नहीं मिले हैं। यह दशार्ता है कि उसका मतदाता शिफ्ट हुआ है किंतु किसके पाले में कितना गया, इसका आकलन अभी किया जाना बाकी है। भाजपा में टिकट बंटवारे को लेकर क्षत्रिय समुदाय की नाराजगी भी पार्टी की पराजय का कारण माना जा रहा है। चुनाव के बाद सामान्यतः हर पार्टी नतीजों का विश्लेषण करती है, निश्चित रूप से भाजपा और उसकी मातृ संस्था राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ भी करेगा, किंतु इन चुनाव परिणामों ने एक बार फिर देश को मिली-जुली सरकार दिया है। यह देश की आजादी के 100 साल पूरे होने पर 2047 में भारत के विकसित देश के रूप में स्थापित होने में बाधक बन सकता है। वैसे तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पार्टी की जीत के प्रति इतने आश्वस्त थे, कि उनके निर्देश पर टाप ब्यूरोक्रेसी उनके तीसरे कार्यकाल का 100 दिन का एजेंडा तैयार करने में पिछले चार माह से जुटी थी। शायद इस कार्यकाल में मोदी जी अपने हाथ बंधे महसूस करें और गठबंधन धर्म के नाते खुलकर निर्णय न ले सकें क्योंकि उन्हें अपने गठबंधन के सहयोगियों टीडीपी, जेडीयू, शिवसेना (शिंदे) व अन्य को साथ लेकर चलना होगा। इसके लिए एक न्यूनतम साझा कार्यक्रम तैयार करना होगा, जो गठबंधन के सभी दलों की सहमति से तैयार होगा। मोदी जी के लिए गठबंधन सरकार चलाने का यह पहला अवसर होगा। इससे पूर्व वह गुजरात के मुख्यमंत्री और देश के प्रधानमंत्री के रूप में सरकार चला चुके हैं किंतु इसके लिए उन्हें किसी सहयोगी दल का मुंह ताकने की जरूरत नहीं पड़ती थी।

इस चुनाव नतीजे का एक दूरगामी परिणाम अभी नहीं, दशकों बाद दिखाई देगा, जब आने वाली पीढ़ियां 2024 के लोकसभा चुनावों का इतिहास पढेंगी। वे पाएंगी कि अयोध्या के जिस राम मंदिर निर्माण को भाजपा पूरे देश में मुद्दा बनाए थी, उसी राम मंदिर के लोकार्पण वर्ष में हुए लोकसभा चुनाव में अयोध्या (फैजाबाद) सीट से भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी लल्लू सिंह चुनाव हार गए। इतना ही नहीं, भारतीय जनता पार्टी एक-आध को छोड़कर अयोध्या के आसपास की सभी सीटें हार गईं। हारने वाली अयोध्या के आसपास की सीटों में बस्ती, संत कबीर नगर, अम्बेडकर नगर, आजमगढ़, लालगंज, गाजीपुर, घोसी, जौनपुर, मछलीशहर, सुल्तानपुर, प्रतापगढ़, रायबरेली, अमेठी, मोहनलाल गंज, बाराबंकी और श्रावस्ती सीटें शामिल हैं। भाजपा अपने पड़ोस की केवल गोंडा, कैसरगंज और बहराइच सीटें जीत पाने में कामयाब रहीं। राज्य में भाजपा के खिलाफ ऐसा माहौल बना कि बीते चुनाव में राहुल गांधी को हराने वाली केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी गांधी परिवार का खड़ाऊ लेकर चुनाव प्रचार करने वाले केएल शर्मा से एक लाख वोटों से हार गई। इतना ही नहीं, मोदी कैबिनेट के 05 अन्य मंत्री भी अपनी सीट नहीं बचा पाए। इनमें अजय मिश्र टेनी, महेंद्र नाथ पांडेय, भानु प्रताप वर्मा, साध्वी निरंजन ज्योति और कौशल किशोर शामिल हैं। पूर्वांचल में पार्टी के बड़े चेहरा माने जा रहे दिनेश लाल निरहुआ और मेनका गांधी भी चुनाव हार गईं। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी एक लाख 52 हजार 513 मतों से चुनाव जीते। उनकी यह जीत न केवल 2014 और 2019 से छोटी है, बल्कि रायबरेली से कांग्रेस के राहुल गांधी की जीत 03 लाख 90 हजार से बहुत छोटी है। अगर यादव परिवार की बात करें, तो समाजवादी पार्टी ने इस चुनाव में अपने परिवार से ही पांच लोगों को टिकट दिया था, इसमें से कन्नौज से अखिलेश यादव, आजमगढ़ से धर्मेंद्र यादव, मैनपुरी से डिंपल यादव और फिरोजाबाद से अक्षय यादव चुनाव जीत गए हैं। बदायूं से शिवपाल यादव के बेटे आदित्य यादव भी आगे चल रहे हैं। इस प्रकार से लोकसभा के चुनाव नतीजे भाजपा के लिए बड़ा झटका है, जबकि कांग्रेस और सपा उत्साह से लबरेज है। उम्मीद की जानी चाहिए कि 2027 में होने वाले विधानसभा के चुनावों में यह गठबंधन बेहतरीन प्रदर्शन करेगा। भाजपा के राज्य नेतृत्व के प्रदर्शन पर भी सवाल उठना लाजमी है। आने वाले कुछ महीनों में राज्य में उठा-पटक की बड़ी घटनाएं हों, तो आश्चर्य की बात नहीं।

# भीषण गर्मी में चार की मौत, आठ भर्ती, खूब पियें पानी: सीएमओ

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** जिले में तापमान 42 डिग्री से ज्यादा चल रहा है। गर्मी से सरकारी व प्राइवेट अस्पतालों में मरीजों की तादाद में वृद्धि हुई है। 24 घंटे में चार लोगों की मौत हो गई है। इनमें डेढ़ साल की मासूम बच्ची भी शामिल है। जिला अस्पताल में आठ गंभीर मरीजों का इलाज जारी है।



रोते-बिलखते मृतक के परिजन।

बुधवार को जिले में 42 डिग्री से अधिक तापमान रहा है। जिला अस्पताल में इलाज दौरान डेढ़ साल की बच्ची समेत चार लोगों की मौत हो गई। परिजनों ने बताया कि भीषण गर्मी से तबीयत बिगड़ने से इलाज दौरान मौत हो गई। बांदा के बिसंडा के रामकिशुन (55) को तेज बुखार के चलते जिला अस्पताल में भर्ती कराया। इलाज दौरान मृत्यु हो गई। भतीजे देवराज ने बताया कि गर्मी से बुखार बेकाबू हो गया। दिमाग तक असर पहुंच गया था। राजापुर के गनीवा की प्रेमिया (50) को उल्टी हो रही थी। अचानक खून की उल्टियां होने लगीं। बेटा जगतपाल जिला अस्पताल लेकर आये, यहां मृत्यु हो गई। पहाड़ी के ओरा गांव की बुधिया (58) को श्वांस की बीमारी थी। पेट में अचानक दर्द होने से अस्पताल लाना पड़ा, उसकी भी मौत हो गई। शिवरामपुर के सूरज की डेढ़ साल की बेटी अंशिका को निमोनिया हो गया। रात साढे 12 बजे गर्मी से तबीयत बिगड़ने पर जिला अस्पताल लाया गया। मंगलवार को सवेरे मृत्यु हो गई।

इनके अलावा बुखार व उल्टी-दस्त से पीड़ित मुख्यालय के शोभा सिंह पुरवा के अश्वनी की दो वर्षीय पुत्री आंचल, महोबा के बजरिया के समीर खान (9) पुत्र शौकत खान, शंकर बाजार कर्वी की पुष्पा सिंह (40) पत्नी बृजेश, कर्वी माफी के पुष्पराज (50) पुत्र गया प्रसाद, बांधी की प्रिंसी (20) पुत्री कुलदीप, विनायकपुर की गोगिया (90) पत्नी वासुदेव, पहाड़ी के परसौंजा के प्रदीप (22) पुत्र देवनाथ को परिजनों ने भर्ती कराया। सीएमओ डॉ भूपेंद्र द्विवेदी ने कहा कि गर्मी ज्यादा है। जब तक जरूरत न हो लोग घरों में रहें, खूब पानी पियें। भोजन में फलों को शामिल करें।

# छापेमारी कर बच्चों को किया चिन्हित



बाल श्रम दिवस पर छापेमारी करती टीम।

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** किशोर न्याय एवं बाल श्रम उन्मूलन अभियान के तहत जिलाधिकारी अभिषेक आनन्द की गठित बाल किशोर श्रम उन्मूलन टास्क फोर्स जून माह में विशेष अभियान चला रही है। अभियान में बुधवार को विश्व बाल श्रम उन्मूलन दिवस पर ऐसे प्रतिष्ठानों जहां बाल श्रम होता है, टीम ने छापेमारी की।

बुधवार को टीम ने होटल, ढाबा, इंजीनियरिंग वर्कशॉप, कारखाना में छापेमारी की। टीम में बाल संरक्षण अधिकारी डॉ सौरभ सिंह, श्रम प्रवर्तन अधिकारी राजेश द्विवेदी, बाल कल्याण समिति राजेश दुबे, सिपाही सुशील कुमार व त्रिभुवन सिंह ने चार बच्चों को चिन्हित किया। जिनकी उम्र 18 वर्ष से कम थी। इन सभी को पढ़ाई करने की हिदायत दी गई। प्रतिष्ठानों के मालिकों के विरुद्ध कानूनी कार्यवाही की गई।

# दो चोरों को दबोच समरसेबुल किया बरामद

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में एएसपी चक्रपाणि त्रिपाठी व सीओ सिटी राजकमल की देखरेख में थानाध्यक्ष भरतकूप प्रवीण कुमार सिंह की अगुवाई में पुलिस ने दो दिन के अन्दर चोरी का खुलासा कर दो चोरों के कब्जे से समरसेबुल समेत गिरफ्तार किया है। बुधवार को भरतकूप थानाध्यक्ष ने बताया कि 10 जून की रात ललक सिंह पुत्र शिवप्रताप सिंह भैसौंधा थाने में तहरीर दी।



पुलिस गिरफ्त में चोर।

अज्ञात चोर समरसेबुल चुरा ले गये हैं। पुलिस ने मामला दर्जकर घटना के खुलासे की जिम्मेदारी दरोगा रामकुमार को सौंपी। दरोगा ने आज सवेरे दस बजे मुखबिर की सूचना पर इटखरी गौशाला से हीरालाल पुत्र कामता प्रसाद व लवलेश पुत्र गरीबदास निवासी इटखरी को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से चोरी का समरसेबुल बरामद किया। बरामदगी पर धारायें बढाई। टीम में दरोगा रामकुमार, दरोगा यूटी उत्कर्ष कुमार सिंह, दीवान कल्लू खां, दीवान शैलेन्द्र कुमार सिंह शामिल रहे।

## बगदरी में कोई और करता है प्रधानी

**मानिकपुर/चित्रकूट।** मानिकपुर ब्लाक के बगदरी प्रधान कल्लू प्रसाद खुद प्रधानी न कर गांव के तथाकथित डाक्टर प्रधानी करते हैं। इसे लेकर ग्रामीणों में रोष है। बुधवार को ग्रामीण सीताराम द्विवेदी ने बताया कि प्रधान कल्लू प्रसाद खुद प्रधानी न कर गांव के तथाकथित डॉक्टर से प्रधानी करवाते हैं। डॉक्टर अपनी फर्म के नाम पर भूसा आदि का भुगतान करता है। गांव के विकास कार्यों में जमकर भ्रष्टाचार हो रहा है। भूसा खरीद में पैसों का बंदरबांट हुआ है। द्विवेदी ने बगदरी गांव के वित्तीय वर्ष 2021-22, 22-23 व 23-24 में हुए विकास कार्यों की उच्चाधिकारियों से जांच की मांग की है। उन्होंने कहा कि जांच में दूध का दूध व पानी का पानी हो जायेगा।

# दुष्कर्म वांछित व तमंचा समेत दो गये जेल

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में कर्वी कोतवाल उपेन्द्र प्रताप सिंह की अगुवाई में निरीक्षक अपराध राकेश कुमार सिंह ने दुष्कर्म व आईटी एक्ट के वांछित कुलदीप सिंह पुत्र जमुना सिंह निवासी चकला राजरानी को गिरफ्तार किया। टीम में निरीक्षक अपराध राकेश कुमार सिंह व सिपाही संजीव कुमार सोनी शामिल रहे।

इसी क्रम में प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी श्याम प्रताप पटेल की अगुवाई में दरोगा त्रिलोकीनाथ मिश्रा ने राजेश कुमार पुत्र रामसजीवन निवासी रामपुर को एक तमंचा 315 बोर व कारतूस समेत गिरफ्तार किया।



पुलिस गिरफ्त में तमंचाधारी।

उसके खिलाफ थाने में आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज किया। टीम में दरोगा त्रिलोकीनाथ मिश्रा, सिपाही सचिन यादव व नवीन शामिल रहे।

## क्या बीडीसी की लामबन्दी खिलायेगी गुल

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** कर्वी ब्लाक प्रमुख को हटाने की योजना तैयार हो रही है। जल्द ही क्षेत्र पंचायत सदस्यों की बैठक में प्रमुख की कार्यशैली से नाखुश क्षेत्र पंचायत सदस्य अविश्वास प्रस्ताव ला सकते हैं। बुधवार को क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने आरोप लगाया कि प्रमुख खुद कार्यभार नहीं देख रहे। विकास कार्यों में प्रमुख के चहेतों की मनमानी चलती है। क्षेत्र पंचायत सदस्यों ने कहा कि जल्द अविश्वास प्रस्ताव लाया जायेगा। लामबन्द कई क्षेत्र पंचायत सदस्य बड़ा बदलाव लाने की तैयारी में है। सत्ता पक्ष के प्रमुख के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाने में क्षेत्र पंचायत सदस्य सफल होंगे, इस पर संशय है। क्षेत्र पंचायत सदस्यों की नाराजगी सदर ब्लाक प्रमुख की लुटिया डुबो सकती है। ब्लाक प्रमुख अपनी कुर्सी बचाने में कैसे सफल होंगी। क्षेत्र पंचायत सदस्यों की एकजुटता क्या रंग दिखायेगी।

# पेयजल तो दूर, घरों में नहीं लगी टोंटी

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** राजापुर तहसील के बरद्वारा गांव के सुयश प्रताप सिंह, कुलदीप सिंह, बालकृष्ण विश्वकर्मा, अनुराग व अमर सिंह ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि गांव में ज्यादातर हैण्डपम्प खराब हैं। जल जीवन मिशन से पेयजल की सप्लाई तो दूर की बात है, घरों में टोंटी तक नहीं लगी।

## बरद्वारा के ग्रामीणों ने डीएम से लगाई गुहार

बुधवार को राजापुर तहसील के बरद्वारा गांव के ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि गांव के ज्यादातर हैण्डपम्प खराब हैं। पहाडी ब्लाक में कई बार शिकायत की है। कोई कार्यवाही नहीं हो रही। प्रधान व सचिव हैण्डपम्पों को दुरुस्त नहीं करा रहे। गांव में पेयजल की भारी किल्लत है। ग्रामीणों ने कहा कि जल जीवन मिशन से पेयजल आपूर्ति तो दूर की बात है, घरों के नलों में अभी टोंटी तक नहीं लगी है। ग्रामीणों ने कहा कि जल जीवन मिशन से खोदी गई सडकों को भी ठीक नहीं किया गया। बारिश में ग्रामीणों को भारी समस्या उठानी पडेगी। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मामले को संज्ञान में लेकर कार्यवाही की मांग की है।

## 19 को होगी रामनगर ब्लाक की बैठक

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** रामनगर ब्लाक के खंड विकास अधिकारी/ सचिव शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि क्षेत्र पंचायत रामनगर की बैठक ब्लाक प्रमुख गंगाधर मिश्र की अध्यक्षता में 19 जून को दोपहर 12 बजे विकासखंड रामनगर सभागार में होगी। पंचम राज्यवित्त आयोग 2024-25 की कार्य योजना व आय-व्यय पर विचार, 15वां वित्त आयोग 2024-25 की कार्य योजना व आय-व्यय पर विचार, मनरेगा के तहत 2024-25 की कार्य योजना का अनुमोदन, प्रधानमंत्री/ मुख्यमंत्री आवास योजना ग्रामीण की प्रगति पर विचार, वृद्धा, विधवा, दिव्यांग पेंशन, स्वच्छ भारत मिशन मॉडल ग्राम पर विचार, पेयजल समस्या, गौशाला संचालन, प्राथमिक/उच्च प्राथमिक विद्यालयों का कायाकल्प, राष्ट्रीय ग्रामीण आजिविका मिशन आदि बिंदुओं पर विचार-विमर्श किया जाएगा। उन्होंने संबंधित अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों से समय से बैठक में हिस्सा लेने का अनुरोध किया।

# तीर्थ यात्रियों पर हमले की निन्दा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** मानवाधिकार संगठन चित्रकूट जिलाध्यक्ष श्रीमती संजुला पाण्डेय ने नौ जून को आतंकवादियों की घटिया हरकत की निन्दा की है।

बुधवार को उन्होंने कहा कि नौ जून को पूरा देश नई सरकार के शपथ ग्रहण समारोह देखने में व्यस्त था। देश-विदेश के मेहमान दिल्ली आये थे। उस दिन जम्मू कश्मीर में आतंकवादियों ने तीर्थ यात्रियों पर हमला बोलकर लोकतंत्र पर हमला किया था। ऐसी घटिया हरकत करने वालों को कठोर सजा मिलनी चाहिए। छुट्टियों में लोग परिजनों समेत देश में घूमने जाते हैं। ऐसे में आंतकवादियों की हरकतें बेहद निंदनीय हैं। जिस भी धर्म, जाति, क्षेत्र से संबंधित ऐसे लोग हों, उन्हें पकड़वाने में लोगों को मदद करना चाहिए। भारत सरकार को ऐसी अमानवीय घटनाओं को संज्ञान में लेकर कार्यवाही करना चाहिए। पीड़ित परिवारों को हर संभव मदद व सुविधा देनी चाहिए। जिलाध्यक्ष ने कहा कि वह हाल में परिजनों समेत उत्तर भारत के भ्रमण में गई थी, जहां पर्याप्त सुरक्षा नजर नहीं आई। इसी तरह मणिपुर में घट रही घटनायें पड़ोसी देश से पोषित हो सकती हैं। विदेश नीति में बदलाव की जरूरत है। सत्ता व विपक्ष दोनों को मिलकर राष्ट्रहित में कानून बनाना चाहिए।

## सम्प्रेक्षण गृह में बाल श्रम बाबत दी जानकारी

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर में अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस पर सहायक अधीक्षक बीर सिंह ने सभी आवासित संवासियों को बाल श्रम से होने वाली हानियों के बारे में बताया। बुधवार को राजकीय सम्प्रेक्षण गृह किशोर में अंतर्राष्ट्रीय बाल श्रम निषेध दिवस पर सहायक अधीक्षक बीर सिंह ने कहा कि 18 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से काम नहीं कराया चाहिए। ये कानूनी अपराध है। पकडे जाने पर जुर्माना व सजा दोनों हो सकती है। परामर्श दाता दीपक शर्मा ने संवासियों को बाल श्रम के कानूनों की जानकारी दी। संचालन करते हुए योगाचार्य संजय कुमार ने संवासियों को अनुशासन में रहने व कर्तव्यों के पालन के प्रति प्रेरित किया। सामाजिक कार्यकर्ता अर्जुन यादव ने सभी संवासियों को बाल श्रम निषेध दिवस के बारे में विस्तार से समझाया। इस मौके पर सह परिवीक्षा अधिकारी श्रीमती अंजना पोडवाल, सदस्य किशोर न्याय बोर्ड लवलेश यादव, लवकुश कुमार, अशोक कुमार, राहुल, अक्षय कुमार समेत आदि मौजूद रहे।

# प्रमोद बने सांख्यिकी अधिकारी

अखंड भारत संदेश

**मऊ/चित्रकूट।** बरगढ कस्बे के प्रमोद केसरवानी का चयन लोवर पीसीएस में हुआ है। उनके घर पर बधाई व शुभकामनायें देने वालों का तांता लगा है। बुधवार को बरगढ़ कस्बे के आनन्द केसरवानी के बेटे प्रमोद केसरवानी का उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से जारी सूची में सहायक सांख्यिकी अधिकारी पद पर चयन हुआ है। पिता सब्जी के छोटे कारोबारी हैं। उनके बड़े भाई विनोद केसरवानी सब्जी के ही कारोबारी हैं। छोटे भाई अरविन्द केसरवानी परचून के दुकानदार हैं। प्रमोद केसरवानी ने इस सफलता का श्रेय माता-पिता, गुरुजनों समेत पारिवारिक भाई पूर्व प्रधान प्रकाश चन्द्र केसरवानी व भाई विनोद केसरवानी व अरविन्द केसरवानी को दिया है। प्रारम्भिक शिक्षा कस्बे के नारायणदास अग्रवाल मेमोरियल स्कूल व आदर्श बाल विद्यालय से हुई। हाईस्कूल 2005 में राजकीय इंटर कालेज से पास किया। आगे की शिक्षा व तैयारी प्रयागराज में हुई। उन्होंने बताया कि कोचिंग के साथ खुद नौ से दस घंटे अध्ययन करते थे।



लोवर पीसीएस में चयनित प्रमोद।

# शुद्ध पेयजल की करें आपूर्ति: विधायक

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** सपा से सदर विधायक अनिल प्रधान ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि जिला मुख्यालय में पाइपलाइन से पेयजल आपूर्ति में गन्दा पानी आ रहा है। उन्होंने जिलाधिकारी से मांग किया कि तत्काल प्रभाव से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति सुनिश्चित करायें। बुधवार को सदर विधायक अनिल प्रधान ने जिलाधिकारी को लिखे पत्र में कहा कि एक सप्ताह से जिला मुख्यालय में जल संस्थान से गन्दे पानी की आपूर्ति की जा रही है। गन्दा पानी पीने से लोग बीमार हो रहे हैं। कई तरह की बीमारी फैल रही है। क्षेत्रीय जनता बद्बूदार गन्दा पानी पीने को मजबूर हैं। लोगों के पास और कोई विकल्प नहीं है। उन्होंने जिलाधिकारी से तत्काल प्रभाव से शुद्ध पेयजल की आपूर्ति कराने की मांग की है।



सदर विधायक अनिल प्रधान।

## पहले पिलाई शराब, फिर जमकर कूटा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** रैपुरा थाने के हनुमानगंज लौरी के बडकू कोल पुत्र स्व निहोरे कोल ने रैपुरा थानाध्यक्ष को दी तहरीर में कहा कि 11 जून को आठ बजे रात को वीरेन्द्र सिंह पुत्र श्यामलाल ने अस्पताल के पास शराब पिलाकर जमकर पीटा है। पीडित ने रिपोर्ट दर्जकर कानूनी कार्यवाही की मांग की है। बुधवार को पीडित ने तहरीर में कहा कि वीरेन्द्र ने उसे शराब पिलाई। फिर फ्रिज में पानी भरने को कहा। वह पानी लेने चला गया, लौटने में समय लगा तो उसने जातिसूचक शब्दों का प्रयोग कर जमकर पिटाई की। कुछ देर बाद शैलेन्द्र उर्फ शीलू पुत्र अभिलाष सिंह, सुनील सिंह पुत्र हरीनारायण सिंह उसके घर आये। शीलू ने वीरेन्द्र से यहां से शराब लाकर पिलाई। फिर उसे सभी लोग मारने-पीटने लगे। मारपीट से उसका हाथ टूट गया है। उसे अधमरा कर प्रेम सिंह के खेत के पास फेंक गये। सवेरे पत्नी व मां ने खोजकर प्रधान को फोन किया। प्रधान की मदद से उसे अस्पताल में भर्ती कराया। पीडित ने मामले की रिपोर्ट दर्जकर कानूनी कार्यवाही की मांग की है।

# चित्रकूट नीट परीक्षा परिणाम को रद्द कराने की मांग को लेकर प्रदर्शन

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने नीट की परीक्षा में भ्रष्टाचार किये जाने का आरोप लगाया। इसके विरोध में प्रदर्शन कर राष्ट्रपति संबोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपा। जिसमें कहा गया कि देश की सबसे प्रतिष्ठित परीक्षा नीट का पेपर भी लीक हो गया। बेरोजगारी और पेपर लीक समस्या से जूझ रहें नौजवानों को झटका लगा है।

मंगलवार को शहर के धनुष चौराहे से जुलूस निकलकर ब्लाक परिसर के पास आप कार्यकर्ता पहुंचे। जिलाध्यक्ष संतोषी लाल शुक्ला ने कहा कि परीक्षा का परिणाम 14 जून को आना था लेकिन आनन फानन चार जून को ही लोकसभा चुनाव के परिणाम के दिन ही घोषित कर दिया गया। इससे सवाल उठता हैं कि किस गड़बड़ी को छिपाने के लिये परिणाम इस दिन घोषित किया गया। जिस प्रकार 67 बच्चों को पूरे 720 अंक दिये गये। एक ही कोचिंग के कई बच्चों को 720 अंक दिये गये और कुछ बच्चों को 718, 719 नंबर मिले जो असंभव लगता है। एक प्रश्न छोड़ देने या गलत करने पर 4 या 5 नंबर कम होने चाहिए तो 718 और 719 नंबर कैसे दिये जा सकतें हैं। इससे प्रतीत होता हैं कि नीट परीक्षा में गंभीर त्रुटि और भ्रष्टाचार किया गया हैं।

इसके बाद कार्यकर्ता सदर एसडीएम कार्यालय पहुंचे और ज्ञापन सौंपा। इसमें मामले की उच्च स्तरीय जांच कराकर दोषियों को जेल भेजने की मांग की गई है। इस मौके पर राजबहादुर साहू, योगेंद्र रैकवार, शिवप्रकाश सिंह, डॉ रमाकांत गुप्ता, जितेंद्र गोयल, नर्वदा प्रसाद यादव, लवलेश केसरवानी, श्यामबाबू त्रिपाठी, सन्तोष भारद्वाज, लवलेश पांडेय, पुरुषोत्तम निषाद आदि मौजूद रहे।

## बाइक बिजली के खंभे से टकराई, युवक की मौत

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** बाइक के सामने मवेशी आने से बाइक अनियंत्रित होकर बिजली के खंभे से टकरा गई। हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। दूसरा बाइक सवार चचेरे भाई का जिला अस्पताल में उपचार हो रहा है। बहिलपुरवा थाना क्षेत्र के खरौंध निवासी चाचा रामचंद्र यादव ने बताया कि भतीजा हंसराज यादव (22) सोमवार को अपने चचेरे भाई प्रेमचंद्र यादव (28)के साथ बाइक से कर्वी मुख्यालय चकबंदी कार्यालय में कुछ काम से आया था। दोपहर बाइक से मुख्यालय से अपने घर जा रहा था। ऐंचवारा गांव के पास तो अचानक सामने मवेशी आ गया। जिसे बचाने के प्रयास में वह अनियंत्रित होकर बाइक विद्युत पोल से टकरा गया। जिसके चलते दोनों गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना होते ही वहां पर सैकड़ों लोगों की भीड़ एकत्र हो गई। राहगीरों ने इसकी सूचना परिजनों को दी। आनन-फानन परिजनों ने दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां पर चिकित्सक ने हंसराज को मृत घोषित कर दिया। घायल प्रेमचंद्र का इलाज जारी है। जानकारी होते ही परिजनों में शोक व्याप्त हो गया। मृतक दो बहनों में इकलौता भाई था। वह सेना की भर्ती के लिए तैयारी कर रहा था। पिता बाहर रहकर मजदूरी करते हैं। मृतक ने हेलमेट पहना था।

## दहेज हत्या के दोषी पति को 20 वर्ष कैद

**चित्रकूट।** दहेज हत्या के मामले मे दोष सिद्ध होने पर महिला के पति को न्यायालय ने 20 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई है। 12 हजार रुपये अर्थदंड भी देय होगा। राजापुर थाना क्षेत्र के गोबरौल गांव निवासी संजय तिवारी ने बताया कि उसकी बहन निहारिका देवी की शादी लौरी गांव के धीरेंद्र प्रताप शुक्ला के साथ 16 फरवरी 2016 में हुई थी। शादी के बाद से ही निहारिका का पति उसे पीटता था। सात नवंबर 2022 को उसके पति ने फोन कर कहा कि अपनी बहन को यहां से ले जाओ नही जान से मार दूंगा। दोपहर को गांव के लोगों ने फोन कर बताया कि बहन को ससुरालियों ने फंदा लगाकर हत्या कर दी है। मायके पक्ष के लोग ससुराल गए तो देखा कि निहारिका के अंतिम संस्कार की तैयारी चल रही थी। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी के खिलाफ कोर्ट मे आरोप पत्र दाखिल किया। मंगलवार को अपर जिला जज नीरज श्रीवास्तव ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद दोषी धीरेंद्र प्रताप शुक्ला को 20 वर्ष के कठोर कारावास से दंडित किया है। ।

# दहेज हत्या का वांछित दबोचा

अखंड भारत संदेश

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देश पर वांछित/वारंटी की गिरफ्तारी को जारी अभियान में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी की टीम ने दहेज हत्या के वांछित शिवप्रसाद उर्फ अरविन्द पुत्र भइयालाल जलंधर पुरवा मजरा सरधुवा को गिरफ्तार किया। टीम में प्रभारी निरीक्षक सरधुवा आशुतोष तिवारी, सिपाही सालिगराम व ललित सोनी शामिल रहे।

# कुवैत के लेबर कैंप में भीषण आग, कई भारतीयों समेत 45 प्रवासी श्रमिकों की मौत

## भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने इस घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया

**कुवैत सिटी।** दक्षिणी कुवैत के मंगफ शहर में बुधवार तड़के एक कंपनी के श्रमिक शिविर में भीषण आग लगने से 45 प्रवासी श्रमिकों की मौत हो गई और कम से कम 50 लोग झुलस हो गए। अधिकतर भारतीयों में से कुछ की हालत गंभीर है, जिन्हें नजदीकी अस्पतालों में ले जाया गया है। स्वास्थ्य मंत्रालय ने बेहतर चिकित्सा मुहैया कराने के लिए आश्वस्त किया है।



कुवैत के दक्षिणी अहमदी गवर्नरेट के मंगफ क्षेत्र में स्थित छह मंजिला इमारत की रसोई के अंदर बुधवार सुबह करीब 4:00 बजे आग लग गई। संदेह है कि चौकीदार के कमरे में रखे गैस सिलेंडर से लगी थी। आग लगने के समय एक ही कंपनी के शिविर में लगभग 160 कर्मचारी थे। अधिकारियों को सुबह करीब छह बजे आग लगने की सूचना दी गई, जब ज्यादातर लोग सो रहे थे। गृह मंत्री शेख फहद अल-यूसेफ अल-सबाह ने घटनास्थल का दौरा किया और इमारत के मालिक, चौकीदार और श्रमिकों के लिए जिम्मेदार कंपनी के मालिक को गिरफ्तार करने का आदेश दिया। गृह मंत्री ने कुवैत नगर पालिका और मेनपॉवर के लिए सार्वजनिक प्राधिकरण को इसी तरह के उल्लंघनों के लिए तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। इसमें आवासीय भवनों में भीड़भाड़ रोकने और भविष्य की घटनाओं को रोकने के लिए सभी सुरक्षा आवश्यकताओं को सुनिश्चित करना शामिल है।

मंगफ श्रमिक शिविर में हुई इस दर्दनाक घटना के मद्देनजर भारतीय दूतावास ने 965-65505246 पर एक आपातकालीन हेल्पलाइन शुरू की है। सभी संबंधित पक्षों से अनुरोध किया गया है कि वे किसी भी अपडेट के लिए इस हेल्पलाइन का उपयोग करें। कुवैत में भारतीय राजदूत डॉ. आदर्श स्वाइका ने घटनास्थल का दौरा करके पूर्ण सहायता का आश्वासन दिया। उन्होंने अस्पताल में घायलों से मुलाकात की और कहा कि दूतावास हर संभव सहायता प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

भारत के विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर ने इस घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर कहा, ह्लकुवैत शहर में आग लगने की घटना की खबर से गहरा सदमा लगा है। बताया गया है कि 40 से अधिक मौतें हुई हैं और 50 से अधिक अस्पताल में भर्ती हैं। हमारे राजदूत शिविर में गए हैं। हम आगे की जानकारी का इंतजार कर रहे हैं। इस दुर्घटना में जिनकी दर्दनाक मौत हुई है, उन लोगों के परिवारों के प्रति गहरी संवेदना। घायलों के जल्द और पूरी तरह स्वस्थ होने की कामना करता हूं। हमारा दूतावास इस संबंध में सभी संबंधितों को पूरी सहायता प्रदान करेगा।

# अमेरिका ने नहीं दिया वीजा तो नेपाली क्रिकेटर संदीप लामिछाने वेस्टइंडीज पहुंचे

**काठमांडू।** नेपाली क्रिकेटर संदीप लामिछाने को टी-20 विश्व कप खेलने के लिए अमेरिकी वीजा न मिलने पर उन्हें वेस्टइंडीज में होने वाले विश्वकप के बाकी मैचों के लिए भेज दिया गया है। इस बार हो रहे टी-20 विश्वकप क्रिकेट की मेजबानी अमेरिका के साथ ही वेस्टइंडीज भी कर रहा है।



बलात्कार के आरोप में नेपाल की जिला अदालत से सजा पाने के बाद निलंबित रहे संदीप लामिछाने को उच्च अदालत से बरी कर दिया गया था। इसी के बाद क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ नेपाल (सीएएन) ने लामिछाने को विश्वकप में खेलने की अनुमति दे दी थी। इसके बावजूद अमेरिका ने लामिछाने को वीजा देने से इंकार कर दिया। अमेरिकी दूतावास के इस रवैये का नेपाल में जबरदस्त विरोध हुआ था। क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ नेपाल के सचिव पारस खड्का ने बताया कि संदीप को वेस्टइंडीज में होने वाले खेलों में शामिल होने के लिए भेजा गया है। संदीप लामिछाने ने मंगलवार को अपने सोशल मीडिया पर एक फोटो शेयर करके ह्यहैलो फ्रॉम वेस्टइंडीजह्ण कैप्शन दिया था। इसके बाद ही उनके वेस्टइंडीज पहुंचने की जानकारी मिली।

सचिव पारस खड्का ने बताया कि टी-20 विश्वकप क्रिकेट के बाकी दो मैच वेस्ट इंडीज में ही होने हैं, जिनमें पहला मैच साउथ अफ्रीका के साथ शनिवार को है। यह मैच एर्नोस वैले स्टेडियम, सैंट विंसेट में खेला जाना है, जबकि लीग चरण का आखिरी मैच 17 जून को बांग्लादेश के साथ इसी स्टेडियम में खेला जाएगा। इन दोनों ही मैचों में संदीप लामिछाने नेपाल की ओर से खेलेंगे।

# पाकिस्तान में पश्तो एक्ट्रेस की गोली मारकर हत्या

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में पश्तो अभिनेत्री खुशबू खान की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। जानकारी के मुताबिक खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के नौशेरा जिले में एक खेत में अभिनेत्री का शव पाया गया। अभिनेत्री की हत्या के आरोप में अकबरपुरा पुलिस ने दो संदिग्धों के विरुद्ध हत्या का मामला पंजीकृत किया है। दोनों संदिग्धों की पहचान शौकत और फलक नियाज के रूप में की गई है।



मारी गई अभिनेत्री के भाई ने अपनी शिकायत में इन दोनों को नामजद किया है। पुलिस ने गिरफ्तार करने के लिए दोनों की खोज शुरू कर दी है। इनमें से एक पहले भी अभिनय उद्योग से संबंधित एक महिला की हत्या मामले में नामजद किया जा चुका है।

मृत अभिनेत्री के भाई ने एफआईआर में कहा है कि खुशबू ने दोनों का प्रस्ताव नहीं माना जिसके बाद उसकी हत्या कर दी गई। दोनों ने केवल उनके द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में ही काम करने की मांग की थी। खुशबू के नहीं मानने पर उन लोगों ने अपने स्थान पर पार्टी में बुलाया और उसकी हत्या कर दी।

# बांग्लादेश ने भारत के रास्ते नेपाल से बिजली खरीदने के प्रस्ताव को दी मंजूरी

**काठमांड।** बांग्लादेश की सरकार ने भारत के रास्ते नेपाल से अगले पांच साल तक बिजली खरीदने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। भारत की ट्रांसमिशन लाइन का इस्तेमाल करके बांग्लादेश अगले पांच साल तक प्रतिदिन 40 मेगावाट बिजली की खरीद करेगा। बांग्लादेश सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि कैबिनेट कमिटी ऑन जनरल पर्चेज की बैठक में फैसला लिया गया है कि अगले पांच साल के लिए प्रतिदिन 40 मेगावाट बिजली भारत की ट्रांसमिशन लाइन का इस्तेमाल करके आयात किया जाएगा। इसके लिए नेपाल को प्रति यूनिट 9 रुपये 12 पैसे में खरीद को मंजूरी मिली है। बांग्लादेश के वित्त मंत्री अब्दुल हसन मोहम्मद अली की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह मंजूरी भारत, नेपाल और बांग्लादेश के बीच हुए त्रिपक्षीय समझौते के तहत मिली है। बांग्लादेश सरकार के कैबिनेट सेक्रेटरी मोहम्मदुल हुसैन खान ने बताया कि ऊर्जा विभाग के प्रस्ताव पर कैबिनेट कमिटी की मंजूरी मिलने के साथ ही अब बिजली खरीद के लिए रास्ता साफ हो गया है। उन्होंने कहा कि भारत के एनटीपीसी विद्युत व्यापार निगम, नेपाल विद्युत प्राधिकरण और बांग्लादेश के पावर डेवलपमेंट बोर्ड के बीच त्रिपक्षीय समझदारी पर हस्ताक्षर के बाद नेपाल से बिजली खरीद की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया गया था। कैबिनेट सेक्रेटरी ने बताया कि 23-24 जून को बांग्लादेश और नेपाल के ऊर्जा सचिवों की बैठक में बिजली खरीद पर अंतिम समझौता होने के बाद भारत के एनटीपीसी विद्युत व्यापार निगम के साथ त्रिपक्षीय समझौते पर हस्ताक्षर करने की तैयारी है।

# मई में खुदरा महंगाई दर 12 महीने के निचले स्तर पर

**ाई दिल्ली।** महंगाई के मोर्चे पर आम आदमी को राहत देने वाली खबर है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित देश की खुदरा महंगाई दर मई में सालाना आधार पर घटकर 12 महीने के निचले स्तर 4.75 फीसदी पर आ गई है।

इससे पिछले महीने अप्रैल में खुदरा महंगाई दर 4.83 फीसदी थी, जबकि जुलाई 2023 में 4.44 फीसदी रही थी।

# गाजा में युद्धविराम प्रस्ताव को संयुक्त राष्ट्र की मंजूरी

**संयुक्त राष्ट्र।** इजराइल पर हमास के हमले के बाद से शुरू हुए युद्ध और गाजा पर आठ महीने से जारी हमले के रुकने के आसार बढ़ गए हैं। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने सोमवार को गाजा में इजराइल और हमास के बीच युद्धविराम योजना का समर्थन करने वाले अपने पहले प्रस्ताव को भारी बहुमत से मंजूरी दे दी। प्रस्ताव पर सुरक्षा परिषद के 15 सदस्यों में से 14 ने पक्ष में वोट किया, जबकि रूस ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया।


हमास ने मंगलवार को कहा कि वह यूएन के इस प्रस्ताव को स्वीकार करने को तैयार है। अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन ने कहा है कि हमास के रुख से युद्धविराम को लेकर उम्मीदें जगी हैं। राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा घोषित अमेरिका प्रायोजित प्रस्ताव की संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से मंजूरी का अमेरिका ने स्वागत किया है। उसका कहना है कि इसे इजराइल भी स्वीकार कर लेगा।

यूएन द्वारा मंजूर किए गए युद्धविराम प्रस्ताव में हमास द्वारा बंधकों की रिहाई के बदले युद्धविराम की योजना है। प्रस्ताव में चरमपंथी फलस्तीनी समूह हमास और इजरायल से तीन चरण की योजना को बिना शर्त और देरी के स्वीकार करने का आह्वान किया गया है। यूएन के भारी बहुमत के इस प्रस्ताव से दोनों पक्षों पर दबाव बढ़ गया है।

अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन सोमवार को इजरायल में थे। उन्होंने पीएम बेंजामिन नेतन्याहू से युद्धविराम प्रस्ताव स्वीकार करने का अनुरोध किया और कहा कि इससे हमास पर भी अंतरराष्ट्रीय दबाव बढ़ेगा। हालांकि, उस समय नेतन्याहू ने समझौते पर संदेह जताते हुए कहा कि इजरायल हमास को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध है। हमास ने कहा कि वह प्रस्ताव को अपनाने का स्वागत करता है और इजरायल पर दबाव डालने के लिए मध्यस्थों के साथ काम करने को तैयार है।

इस बीच, यूएन मानवाधिकार कार्यालय ने कहा है कि हमास के कब्जे से चार बंधकों की रिहाई को लेकर की गई इजरायल की कार्रवाई में नागरिकों की मौत को युद्ध अपराध माना जा सकता है। अमेरिकी विदेश मंत्री ब्लिंकन ने तेल अवीव में कहा कि युद्धविराम को लेकर मंगलवार को भी वार्ता जारी रही। उम्मीद है कि अगले दो दिनों में इस पर सहमति बन जाएगी।

# यमन तट पर नाव डूबने से 49 प्रवासियों की मौत, 140 लापता -




**मोगादिशु (सोमालिया):** हॉर्न ऑफ अफ्रीका से शरणार्थियों और प्रवासियों को यमन ले जा रही एक नाव के डूबने से कम से कम 49 लोगों की जान चली गई और 140 लोग लापता हो गए. अल जजीरा ने संयुक्त राष्ट्र के अंतर्राष्ट्रीय प्रवासन संगठन (कडट) का हवाला देते हुए बताया कि यह जहाज सोमवार को पलट गया था. इसमें लगभग 260 लोग सवार थे. इनमें से अधिकतर इथियोपिया और सोमालिया के थे, जो यमन पहुंचने के लिए अदन की खाड़ी को पार करते हुए 320 किमी (200 मील) की यात्रा करने के लिए सोमालिया के उत्तरी तट से निकले थे.

आईओएम ने मंगलवार को एक बयान जारी कर बताया कि 71 लोगों को बचा लिया गया है, जिनमें से आठ को अस्पताल ले जाया गया है. इसके अलावा, मरने वालों में कम से कम छह बच्चे और 31 महिलाएं शामिल हैं. इससे पहले अप्रैल में, यमन पहुंचने की कोशिश कर रहे जिबूती के तट पर दो जहाजों के दुर्घटनाग्रस्त होने से कम से कम 62 लोगों की मौत हो गई थी.

आईओएम ने आगे कहा कि इस मार्ग पर कम से कम 1,860 लोग मारे गए या लापता हो गए, जिनमें 480 डूब गए. अल जजीरा की रिपोर्ट के अनुसार, यमन में लगभग एक दशक से चल रहे युद्ध के विनाशकारी प्रभावों के बावजूद अधिक शरणार्थी और प्रवासी इस मार्ग का उपयोग कर रहे हैं. यह युद्ध हौथी समूह द्वारा विद्रोह करने और राजधानी सना सहित देश के बड़े क्षेत्रों पर नियंत्रण करने के बाद शुरू हुआ था. हालांकि, गाजा पट्टी पर इजरायल के युद्ध के बाद भी प्रवास का प्रवाह बाधित नहीं हुआ है। आईओएम के प्रवक्ता मोहम्मदली अबुनाजेला ने कहा कि, सोमवार को नाव का डूबना, प्रवासन चुनौतियों का समाधान करने और प्रवास मार्गों पर प्रवासियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए मिलकर काम करने की तत्काल आवश्यकता की एक और याद दिलाता है.।

# एक उच्चस्तरीय चीनी प्रतिनिधिमंडल जल्द ही पाकिस्तान का दौरा करेगा, प्रधानमंत्री शरीफ ने दी जानकारी

**इस्लामाबाद:** प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने मंगलवार को कहा कि एक उच्चस्तरीय चीनी प्रतिनिधिमंडल जल्द ही पाकिस्तान का दौरा करेगा. उन्होंने आज इस्लामाबाद में संघीय कैबिनेट की बैठक को संबोधित करते हुए यह बात कही. उन्होंने कहा कि चीन की उनकी यात्रा 'सकारात्मक नोट' पर समाप्त हुई. प्रधानमंत्री ने कहा कि शांक्सी प्रांत की उनकी यात्रा के दौरान कम्युनिस्ट पार्टी सचिव द्वारा आयोजित भोज में चीनी राजदूत के साथ बातचीत हुइ। शरीफ ने पिछले सप्ताह चीन की अपनी चार दिवसीय यात्रा पूरी करने के बाद 11 जून को यह बात कही. बता दें, यह मार्च में शुरू हुए उनके दूसरे कार्यकाल के बाद पहली यात्रा थी. उनके साथ एक बड़ा प्रतिनिधिमंडल भी था, जिसका ध्यान चीनी निवेश और सहायता को बढ़ाने पर था, क्योंकि पाकिस्तान इन दिनों गंभीर आर्थिक संकट का सामना कर रहा है। उन्होंने अपने सभी कैबिनेट सदस्यों और संबंधित संघीय सचिवों को उनके सामूहिक प्रयासों के लिए धन्यवाद दिया, जिसके कारण यह यात्रा सफल रही.



प्रधानमंत्री शहबाज ने आगे कहा कि उन्होंने चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे (उढएउ) के दूसरे चरण पर भी विस्तृत चर्चा की. उन्होंने कहा कि सीपीईसी का दूसरा चरण बहुत जल्द शुरू होगा, जो चीन के साथ हमारे मैत्रीपूर्ण संबंधों को और बढ़ाएगा.

अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री ने तेल और गैस, ऊर्जा, आईसीटी और उभरती प्रौद्योगिकियों में काम करने वाली प्रमुख चीनी कंपनियों के कॉपोरेट अधिकारियों के साथ बैठकें कीं. प्रधानमंत्री ने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से भी मुलाकात की और एक सार्थक बैठक की, जिसमें सीपीईसी के उच्च गुणवत्ता वाले विकास और प्रमुख चल रही परियोजनाओं को समय पर पूरा करने पर आम सहमति की पुष्टि की गई.

**अखंड भारत संदेश**
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज 1/6C माधव कुंज कटरा प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI No: UPHIN/2001/09025
ऑफिस मो.: 9565333000
Email:- akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा।

# एलन मस्क ने SpaceX की इंटर्न के साथ बनाया यौन संबंध, रिपोर्ट में चौंकाने वाले

**वॉशिंगटन:** अमेरिकी अरबपति और अंतरिक्ष एजेंसी रस्त्रूी के सीईओ एलन मस्क पर इंटर्न सहित अपने दो कर्मचारियों के साथ यौन संबंध बनाने का आरोप लगा है. मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, टेस्ला कंपनी के संस्थापक मस्क ने एक अन्य कर्मचारी से अपने बच्चे पैदा करने के लिए कहा था. वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट में कहा गया है कि कि एलन मस्क ने अपनी कंपनियों - स्पेसएक्स और टेस्ला में ऐसा वातावरण बनाया है, जिससे महिला कर्मचारी असहज महसूस कर रही हैं.



टेस्ला सीईओ मस्क पर पहले भी कंपनी बोर्ड के सदस्यों के साथ काम करने के दौरान नियमित रूप से एलएसडी, कोकीन, एमडीएमए और केटामाइन जैसी नशीली दवाओं का सेवन करने का आरोप लग चुका है. बीते दिनों स्पेसएक्स के सीईओ पर कर्मचारियों के बीच नकारात्मक और शत्रुतापूर्ण वातावरण को बढ़ावा देने का आरोप लगा था. दावा किया गया था कि कंपनी में यौन उत्पीड़न वाले चुटकुले आम हैं. इसके अलावा महिलाओं को पुरुषों की तुलना में कम वेतन दिया जाता है और शिकायत करने वाले श्रमिकों को बाहर का रास्ता दिखा दिया जाता है.

पूर्व कर्मचारियों ने अपनी शिकायत में मस्क पर कार्यस्थल पर कामुक वातारण बनाने का आरोप लगाया था, जहां कामुक टिप्पणियां और अन्य प्रकार के उत्पीड़न आम हैं या उन्हें हल्के में लिया जाता है. वॉल स्ट्रीट जर्नल की रिपोर्ट में टेस्ला की महिला कर्मचारियों का हवाला दिया गया, जिन्होंने दावा किया कि मस्क ने उन्हें गलत निगाह से देखा या उनका पीछा किया. स्पेसएक्स की एक फ्लाइट अटेंडेंट ने आरोप लगाया कि मस्क ने 2016 में यौन संबंध बनाने के बदले उसके लिए घोड़ा खरीदने की पेशकश की थी. रिपोर्ट के मुताबिक, 2013 में स्पेसएक्स से इस्तीफा देने वाली एक अन्य महिला कर्मचारी ने आरोप लगाया कि एलन मस्क ने कई मौकों पर उससे अपना बच्चा पैदा करने के लिए कहा था. अरबपति मस्क के कम से कम 10 बच्चे हैं. उनका कहना है कि दुनिया कम जनसंख्या के संकट का सामना कर रही है और हाई कद वाले लोगों को अधिक बच्चे पैदा करने चाहिए. रिपोर्ट में यह भी दावा किया गया है कि एलन मस्क ने स्पेसएक्स में काम करने वाली एक महिला को कई बार रात में अपने घर आने के लिए कहा था.

वहीं, स्पेसएक्स और एलन मस्क के वकीलों ने रिपोर्ट को खारिज कर दिया है और इसमें दी गई जानकारी को भ्रामक बताया है. स्पेसएक्स के अध्यक्ष और सीओओ ग्वेने शॉटवेल ने कहा कि रिपोर्ट में झूठ और गलत चित्रण के जरिये भ्रामक कहानी पेश की गई है. वह इस बात से हैरान हैं कि स्पेसएक्स के खिलाफ काम करने वाली सभी ताकतों के बीच भी ये असाधारण लोग हर दिन क्या हासिल करना चाह रहे हैं. उन्होंने कहा कि एलोन उन सबसे अच्छे इंसानों में से एक हैं जिन्हें मैं जानता हूं.

# अमेरिकी अर्थशास्त्री की बड़ी चेतावनी, फूट सकता है शेयर बाजार का बुलबुला

**नई दिल्ली।** अमेरिकी अर्थशास्त्री हैरी डेंट ने शेयर बाजार की स्थिति को लेकर बड़ी चेतावनी दी है। हैरी डेंट का कहना है कि शेयर बाजार आने वाले दिनों में भारी गिरावट का शिकार हो सकता है। उनके मुताबिक ये गिरावट 2008 की मंदी में आई गिरावट से भी अधिक भयानक हो सकती है। हालांकि ये चेतावनी अमेरिकी शेयर बाजार को लेकर दी गई है लेकिन अगर अमेरिकी बाजार में बड़ी गिरावट आती है तो भारतीय शेयर बाजार भी इससे काफी हद तक प्रभावित हो सकता है। अपनी एक रिपोर्ट में हैरी डेंट ने कहा है कि वैश्विक स्तर पर शेयर बाजार काफी ऊंचाई पर पहुंच गया है। ऐसी स्थिति में जल्दी ही शेयर बाजार के बुलबुले के फूटने की आशंका बन गई है। उनके अनुसार किसी भी बाजार में तेजी का बुलबुला आमतौर पर 5 से 6 साल तक बना रहता है। उसके बाद बाजार कंसोलिडेटेड करके वापस अपने सही स्थान पर पहुंच जाता है। लेकिन शेयर बाजार में पिछले 14 साल से तेजी का बुलबुला लगातार बना हुआ है, जिसके कारण जब भी मार्केट में कंसोलिडेशन शुरू होगा, तो इससे दुनिया भर के निवेशकों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ेगा।